श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 204, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 24 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत की हुई चंद्रविजय

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला पहला देश बना भारत







## चांद पर तिरंगा




**नई दिल्लीः 40** दिन का भारत का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। पृथ्वी से चंद्रमा तक 3.84 लाख किलोमीटर का सफर तय करने के बाद चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम चंद्रमा की धरती पर कामयाबी के साथ उतर गया। इसी के साथ भारत चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला रूस, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा देश बन गया है। वहीं, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। अब नजरें प्रज्ञान रोवर पर है, जो स्थितियां सामान्य होने के बाद चांद की सतह पर चलेगा। इसके एक पहिये पर इसरो का चिह्न और दूसरे पहिये पर अशोक स्तंभ उकेरा हुआ है। जैसे ही प्रज्ञान रोवर चलना शुरू करेगा, इसरो का चिह्न और अशोक स्तंभ चंद्रमा की सतह पर अंकित हो जाएगा।

चंद्रयान-3 ने कैसे रचा इतिहासः इसरो के अधिकारियों के मुताबिक, चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखता है, जिसमें एक लैंडर और एक रोवर शामिल किए गए हैं। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं। एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। जिन वजहों से चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा की सतह नहीं उतर पाया था, उन पर फोकस किया गया है। मिशन ने 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा केन्द्र से उड़ान भरी और योजना के अनुसार आज चंद्रमा पर उतरा। यह मिशन भारत को अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया।

### पिछले दो मिशन

चंद्रयान-1-

यह अक्तूबर 2008 में भेजा गया था। चंद्रमा पर पानी की संभावना की खोज कर यह इतिहास रच चुका है। इसी के बाद विश्व की तमाम अंतरिक्ष एजेंसियों की चंद्रमा को लेकर उत्सुकता बढ़ गई।

चंद्रयान-2

जुलाई 2019ः यह यान आज भी चंद्रमा की सौ किलोमीटर की कक्षा में घूम रहा है। इसे एक साल तक ही चलना था, लेकिन अब तक यह हमें जानकारी भेज रहा है। इसमें विश्व का सबसे बेहतरीन कैमरा लगा है, जो चंद्रमा के लगभग हर हिस्से की तस्वीरें ले चुका है।

### वो पांच कारण जिनके चलते भारत ने रचा इतिहास

नई दिल्लः चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) आज चंद्रमा की सतह पर उतर गया। इसके साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया। पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक पल का टकटकी लगाए इंतजार कर रही थी। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की।

2019 के चंद्रयान-2 मिशन से सबक लियाः चंद्रयान-3 से पहले 22 जुलाई 2019 को चंद्रयान-2 लॉन्च किया गया था। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करने वाला किसी भी देश का पहला अंतरिक्ष मिशन था। हालांकि, चंद्रयान-2 मिशन का विक्रम चंद्र लैंडर छह सितंबर 2019 को चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के वैज्ञानिकों ने मिशन से भी काफी कुछ सीखा। इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ कहते हैं कि 2019 का मिशन चंद्रयान-2 आंशिक सफल था, लेकिन इससे मिले अनुभव इसरो के चंद्रमा पर लैंडर उतारने के लिए नए प्रयास में काफी उपयोगी साबित हुए। इसके तहत चंद्रयान-3 में कई बदलाव किए गए। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए। एल्गोरिदम को बेहतर किया गया। जिन वजहों से चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा की सतह पर नहीं उतर पाया था, उन पर फोकस किया गया।


लैंडर में पांच की जगह चार इंजन लगाए गएः चंद्रयान-2 के लैंडर में पांच इंजन लगे थे जबकि इस बार भार कम करने के लिए चंद्रयान-3 में चार इंजन लगाए गए। चंद्रयान-3 में लेजर डॉपलर वेलोसिमिट्री के साथ चार इंजन लगाए गए जिसका उद्देश्य था कि वह चंद्रमा पर उतरने के सभी चरणों में अपनी ऊंचाई और अभिविन्यास को नियंत्रित कर सके।

लैंडर के पांव पहले के मजबूत बनाए गएः चंद्रयान-3 में किसी भी अप्रत्याशित प्रभाव से निपटने के लिए पैरों को मजबूत किया गया। इसके साथ अधिक उपकरण, अपडेटेड सॉफ्टवेयर और एक बड़ा ईंधन टैंक लगाए गए। ऐसा इसलिए किया गया था कि यदि अंतिम मिनट में कोई बदलाव भी करना पड़ा तो ये उपकरण उस स्थिति में महत्वपूर्ण हो सकें।

लैंडिंग का क्षेत्रफल बढ़ाया गयाः इसरो ने चंद्रयान-2 से सीखते हुए चंद्रयान-3 में व्यापक बदलाव किए। चंद्रयान-2 के उतरने के लिए जितना क्षेत्र निर्धारित किया गया था, उसमें काफी इजाफा किया गया। लैंडिंग के लिए लगभग 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तय किया गया।

### अल्टरनेट लैंडिंग की सुविधा से लैस किया गया

इसरो ने परीक्षण के दौरान यह तय कर लिया था कि अगर लैंडिंग के लिए एक जगह सही नहीं लगी तो दूसरी जगह भी तैयार रहेगी। चंद्रयान-3 को टारगेट स्थल से आगे-पीछे ले जाने की व्यवस्था की गई।



## 'चंदा मामा बहुत दूर के नहीं, बस एक टूर के', पीएम मोदी

**नई दिल्लीः भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मिशन चंद्रयान-3 की बुधवार की शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग हो गई। इसके साथ ही चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर अपने यान को उतारने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। इस अंतरिक्ष अभियान पर दुनियाभर की नजरें टिकी हुई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मिशन को दक्षिण अफ्रीका से लाइव देख रहे थे। प्रधानमंत्री 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। वे वहीं से लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए इस पल को देख रहे थे। इसरो की सफलता पर उन्होंने कहा कि ये ये विकसित भारत का क्षण है।




प्रधानमंत्री ने कहा, हर देशवासी की तरह मेरा ध्यान चंद्रयान महाअभियान पर लगा हुआ है। मैं भी अपने देशवासियों के साथ, अपने परिवारजनों के साथ इस उमंग और उल्लास से जुड़ा हुआ हूं। भारत चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचा है, जहां आज तक कोई देश नहीं पहुंचा है। आज से चांद से जुड़े कई मिथक बदल जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, "मेरे प्यारे परिवारजनो! जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो गर्व होता है। ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्र जीवन की चेतना बन जाती हैं। यह पल अविस्मरणीय है। यह क्षण अभूतपूर्व है। यह क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है। यह क्षण नए भारत के जयघोष का है। यह क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है। यह क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। यह क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत की नई ऊर्जा, नई चेतना का है। यह क्षण भारत के उदीयमान भाग्य के आह्वान का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की अमृत वर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया।" उन्होंने कहा, "आज हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। हर घर में उत्सव शुरू हो गया है। हृदय से मैं भी अपने देशवासियों के साथ अपने परिवारजनों के साथ इस उमंग और उल्लास से जुड़ा हुआ हूं। मैं टीम चंद्रयान को, इसरो को और देश के सभी वैज्ञानिकों को जी-जान से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जिन्होंने इस क्षण के लिए वर्षों से इतना परिश्रम किया। हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम से भारत उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है, जहां आज तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। आज के बाद से चांद से जुड़े मिथक बदल जाएंगे।




## चांद तो बस शुरूआत है, इसरो को तो सूरज, मंगल और शुक्र तक जाना है

**नई दिल्लीः भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-3 बुधवार को चांद की सतह पर उतरेगा। यह न केवल प्रतिष्ठित अंतरिक्ष एजेंसी के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। चंद्रयान-3 तो बड़ी उपलब्धि है ही, इसरो की लाइन-अप भी तैयार है। इसके बाद इसरो की तैयारी सूरज, मंगल और शुक्र तक जाने की है।



गगनयान मिशनः इसरो का गगनयान मिशन भारत का अंतरिक्ष में मनुष्य को भेजने की ओर पहला कदम है। गगनयान मिशन 2022 में लॉन्च हो जाना था, लेकिन देरी से चल रहा है। अब 2025 के बाद इसके होने की उम्मीद है। फिलहाल गगनयान ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन से पहले इसरो ने दो मानवरहित मिशन प्लान किए हैं। इसरो अगले साल की शुरूआत में पहला मानवरहित फ्लाइट टेस्ट करने वाला है। इस यान को व्योममित्र नाम दिया गया है। हॉफ-ह्यूमनॉइड के तौर पर इसकी व्याख्या की जा रही है। यह इसरो के कमांड सेंटर से जुड़ा रहेगा। गगनयान प्रोजेक्ट के लिए इसरो ने क्रायो स्टेज इंजिन क्वालिफिकेशन टेस्ट, क्रू एस्कैप सिस्टम के साथ ही पैराशूट एयरड्रॉप टेस्ट पूरे कर लिए हैं। टेस्ट व्हीकल क्रू एस्कैप सिस्टम को सतीश धवन स्पेस सेंटर में तैयार किया गया है।

# चंद्रमा पर चंद्रयान - 3 की सफल लैंडिंग पर झूमे लोग, बच्चों ने देखा लाइव कास्ट



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस ऐतिहासिक उत्सव को मनाने के लिए आज प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में ग्राम प्रधान संदीप तिवारी की अध्यक्षता में चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने का सीधा प्रसारण बच्चों के साथ देखा गया। ग्राम प्रधान लखनपुर ने कहा कि एक यादगार अवसर है जिसको महत्वपूर्ण क्षणों के अवसर पर सभी के साथ सम्मिलित होकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस मौके पर उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि बच्चों और युवाओं के साथ इस बेहद पल को देखने से उनके मन में अन्वेषण व जिज्ञासा को जगायेगा तथा देश के प्रति स्वाभिमान व एकता के प्रति जागरूक का भाव पैदा करेगा। जैसे ही चंद्रायन 3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की उसी क्षण स्कूल के बच्चे व अभिभावक खुशी से झूम उठे और पटाखा फोड़कर कर खुशी का इजहार किया। स्कूल के शिक्षक बी के मिश्र ने सबको मिठाई बाटकर देश के इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री और वैज्ञानिकों को इस सफलता की बधाई दी। इस मौके पर कुश तिवारी,राम जी,रामआसरे सहित स्कूल के बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।




## चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर लोगों ने खुशियों का इजहार करते हुए दी बधाई

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल सहित अन्य लोगों ने चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को देखने के पश्चात एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों ने तिरंगा झंडा लहराकर जय हिन्द जय भारत तथा भारत माता की जय जयकार करते हुए प्रधानमंत्री सहित इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा आज तिरंगा चंद्रमा पर लहरा गया यह हम सबके लिए अविस्मरणीय, गौरव पूर्ण , ऐतिहासिक पल है। इस अवसर पर विमलेश पटेल, सुरेंद्र पटेल ,पुष्पेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह , पुष्कर सिंह, राहुल सिंह ,राकेश सिंह आदि ने तिरंगा लहराकर खुशी व्यक्त की। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने उत्साह पूर्वक चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का प्रसारण देखते हुए खुशी का इजहार किया। बिगहिया गांव के पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा सहित अन्य लोगों ने चंद्रयान 3 की सफलता पर प्रधानमंत्री सहित वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए चंद्रमा पर तिरंगा का लहराने पर खुशी व्यक्त करते हुए भारत मां के जयकारे लगाए।

## मिशन चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर के दक्षिणी ध्रुव पर उतरते ही बजने लगीं तालियां



अखंड भारत संदेश

**बारा।** 23 अगस्त, 2023 का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक रहा। इसरो के वैज्ञानिकों ने इतिहास रच दिया। दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बन गया है। इसरो और भारत को विश्वभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। इसरो के चंद्रयान-3 मिशन को लेकर जनपद में भी खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पूजा-अर्चना की गई। संगम क्षेत्र में सैंड आर्ट के जरिए भारत की इस उपलब्धि का बखान किया गया। गांव-गिरांव में भी चंद्रयान-3 की सफलता का उत्साह देखने को मिला। वह व्यक्ति भी भारत की इस सफलता पर रोमांचित और प्रफुल्लित हुआ, जो साइंस की एबीसीडी भी नहीं जानता। शाम के छह बजे के बाद जैसे ही चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की घोषणा टीवी पर हुई, लोग खुशी के मारे उछल पड़े।यमुनापार के जसरा, बारा, नारीबारी समेत नगर पंचायत शंकरगढ़ में स्थानीय लोगों के द्वारा घरों के बाहर निकलकर तिरंगा लहराया गया, तो दूसरी तरफ पटाखे फोड़कर मिठाई भी खिलाई गई। लोगों ने ट्वीट कर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी देश को मिली इस ऐतिहासिकउपलब्धि का हिस्सा बने। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी लोगों ने खुशी का इजहार किया। तो दूसरी तरफ परिषदीय विद्यालयों में भी बच्चों ने साफ्ट लैंडिंग का सजीव प्रसारण देख खुशी जाहिर की। संविलियन विद्यालय शंकरगढ़ समेत आसपास के सभी विद्यालयों में इस लैंडिंग का सजीव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। बीईओ ने बताया कि बच्चों को सजीव प्रसारण दिखाने के लिए शाम के वक्त विद्यालय खोला गया था। कार्यक्रम के समापन के उपरांत उजाला रहते बच्चों की सकुशल घर वापसी भी सुनिश्चित कराई गई।





# अस्पताल में भर्ती दुधमुहे वच्चे को कथित डाक्टर द्वारा कई इंजेक्शन लगाने पर हुई मौत, आरोप

अखंड भारत संदेश



मऊआइमा में कथित डाक्टर द्वारा दुधमुंहे बच्चे को कई इंजेक्शन लगा देने पर हुई मौत पर निजी अस्पताल पर हंगामा, शव गददोपुर निजी अस्पताल में छोड कर भागा, घंटों पंचायत के बाद एक लाख पर हुआ सुलह समझौता

**मऊआइमा।** मऊआइमा में झोला छाप डाक्टरों की बाढ आ गई है। यही नहीं मामूली डिग्री लेकर कई अस्पतालों के मालिक बन गए हैं। आरोप है कि एक निजी अस्पताल ने दस्त के शिकार दुधमुंहे बच्चे को कई इंजेक्शन लगा दिया। खून का पेशाब के बाद मौत हो गई।आरोप है कि शव गद्दोपुर स्थित एक निजि अस्पताल में छोड कर फरार हो गया। शव लेकर ग्रामीणों ने कुछ देर तक हरिसेनगंज में हंगामा काटे पुलिस पहुंच कर समझा कर हटा दिए। बाद में एक लाख पर समझौता होने के बाद शव को दफन कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के महरौंडा गांव निवासी अनिल कुमार सरोज पुत्र बंशीलाल का पांच माह के दुधमुंहे बच्चे शिवांश कुमार को दस्त होने पर उसे हरिसेनगंज स्थित एक निजी अस्पताल में मंगलवार को भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप था कि कथित डाक्टर ने थोडी देर में पांच इंजेक्शन लगा दिया। जिससे पांच माह के शिवांश कुमार को खून का पेशाब होने लगा। परिजनों का आरोप था कि मासूम की मौत के बाद कथित डाक्टर बच्चे की माता मनीषा देवी को वाहन पर बैठा कर गद्दोपुर स्थित एक निजि अस्पताल में छोड कर बोला कि इसे चिल्ड्रेन ले जाओ। जबकि बच्चे की मौत पूर्व में हो चुकी थी। और कथित डाक्टर फरार हो गया। बताया गया है कि परिजनों एंव ग्रामीणों को पता लगा तो बच्चे के शव को लेकर बुधवार को सुबह हरिसेनगंज स्थित निजि जानलेवा अस्पताल पहुंच कर थोडी देर हंगामा काटे। बाद में पुलिस के पहुंचने पर मामले को थाने लाया गया। बताया गया है कि घंटों चली पंचायत के बाद एक लाख रुपये दुधमुंहे बच्चे के मौत का समझौता परिजनों ने करके शव गांव में दफना दिए। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा का कहना है कि उन्हें अस्पताल द्वारा हंगामे की सूचना दी गई। जब 112 और थाने की पुलिस गयी तो मौके पर कोई नहीं था। उन्हें किसी भी प्रकार कोई प्राथार्नापत्र नहीं दिया गया।

## जहरीली जंतु के काटने पर झाड फूंक से इलाज कराने आए व्यक्ति की मौत

**मऊआइमा।** दुनिया चांद पर पहुंच गई नाना प्रकार वैज्ञानिकों ने अविष्कार कर दिए। तमाम जागरुकता के बावजूद जहरीली जंतु के काटने के शिकार का झाड फूंक से इलाज कराया जा रहा था जहां पचास वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जिस का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ के कुंडा के हीरागंज निवासी मनोज कुमार सोनी 50 वर्ष उर्फ भगेलू पुत्र रामलाल सोनी का मऊआइमा के ग्राम अलीवृसिंहपुर और हीरागंज में मकान है। बताया गया है कि हीरागंज में मंगलवार को मनोज कुमार सोनी उर्फ भगेलू को किसी जहरीली जंतु ने लिया। जिससे की हालत खराब होने लगी। बताते हैं कि किसी ने बताया कि मऊआइमा में फूंक झाड करने वाले एक से एक नामी ओझा हैं। बताते हैं कि मनोज कुमार सोनी को मऊआइमा लाया गया । इधर उधर रातभर घूम घूम कर फूंकवाया गया। परन्तु मनोज कुमार सोनी उर्फ भगेलू की मौत हो गई। बताते हैं कि मरने के बाद भी काफी झूंक झाक के जद्दोजहद किया गया। सुबह मृतक का शव उसके दूसरे गांव मऊआइमा के अलीवृसिंहपुर लाया गया। जहां आखिर तक जीवित होने की आस लगाए थे। मनोज के तीन पुत्र हैं तीनों प्रदेश में रोजी रोटी के सिलसिले में रहते हैं।

## न्यूज झरोखा

### नरेंद्र सिंह लगातार तीसरी बार बने सपा के प्रदेश सचिव



**मेजा।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी।जिसमें प्रयागराज संसदीय क्षेत्र के मेजा विधानसभा के वरिष्ठ सपा नेता को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।नरेंद्र सिंह के प्रदेश सचिव बनने पर जिले के सपा नेताओं और कार्यकताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से व उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी है। बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के द्वारा मेजा विधानसभा के भड़ेवरा गांव निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नरेन्द्र सिंह लगातार तीसरी बार समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाए गए। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इनकी पार्टी के प्रति संघर्ष, निष्ठा एवं भाव को देखते हुए लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी दी। ज्ञात हो कि श्री सिंह समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं विचारों पर चलकर हमेशा पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। उनके प्रदेश सचिव बनाए जाने पर सपा नेताओं व कार्यकताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से व आवास पर पहुंचकर बधाई दी है।

### शिक्षा चौपाल लगाकर किया गया बच्चों को जागरूक




**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के थानापुर गांव में स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय में बुधवार को सरकार द्वारा आयोजित शिक्षा चौपाल कार्यक्रम के तहत शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा बच्चों को जागरुक कर उन्हें शिक्षा संबंधी नए-नए टिप्स बताते हुए जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर परमानंद ए आर पी, रमेश कुमार गुप्ता ए आर पी, कृष्ण विभूति ए आर पी, ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह, शिवमंगल सिंह, राम सुमेर, शिव शंकर, राज बहादुर, डॉ सुधा सिंह प्रधानाध्यापिका, गिरिजा देवी प्रधानाध्यापिका, अरुणा तिवारी, दीपिका, सुनिश्चितता, अनीता सिंह, अजीत प्रताप सिंह, आरती एवं गायत्री पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।


### प्राथमिक विद्यालय अमरेहा में शिक्षा चौपाल लगाकर किया गया जागरूक




**जसरा।** प्राथमिक विद्यालय अमरेहा में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में शिक्षा चौपाल लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु किये जा रहे प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने। के लिए चौपाल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा व अमरेहा ग्राम प्रधान राम मनोहर कुशवाहा के द्वारा मां विद्या दायिनी मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरम्भ किया गया । विकासखंड जसरा के एआरपी सतीश कुशवाहा ने निपुण भारत कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय स्तर पर बच्चों को निपुणता प्राप्त कराने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों के साथ निपुण लक्ष्य पर चर्चा करते हुए अपने बच्चों को निपुण बनाने हेतु घर पर सीखने के अवसर प्रदान करने की बात कही। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने डीबीटी कार्यक्रम ,कायाकल्प के 19 बिंदुओं से विद्यालय के संतृप्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों की समस्याओं का समाधान किया। प्राथमिक विद्यालय अमरेहा के प्रधानाध्यापक उपेंद्र द्विवेदी ने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह अभिभावकों व विद्यालय के शिक्षकों का विद्यालय के प्रति समर्पण का प्रतिफल है कि आज प्राथमिक विद्यालय अमरेहा में बच्चों की औसत उपस्थिति लगभग 90% रहती है। विद्यालय के बच्चों का अधिगम स्तर उच्च स्तर का है । शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले प्राथमिक विद्यालय अमरेहा के दो शिक्षकों अहमद आमिर व उषा देवी को प्रशस्ति पत्र देकर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी प्रमोद मिश्रा ,जितेंद्र मिश्रा ,राम प्रकाश पाल, दिलीप तिवारी,हर प्रसाद पाठक,अरुण कुमार शुक्ल,बीरेन्द्र पाठक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने एडीओ को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के बैनर तले मेजा ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एडीओ समाज को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।एडीओ समाज सुशांतु पांडेय ने आश्वासन दिया कि मांग पत्र को सीएम के पास जरूर पहुंचाया जाएगा।पत्र में ग्राम रोजगार सेवकों ने विगत दिवस वृंदावन, लखनऊ में मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में की गई घोषणाओं पर शासन स्तर पर उचित 4 अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि संगठन द्वारा कई बार पत्राचार के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर अवगत कराया गया। वर्तमान समय में मानदेय 7788 रू0 प्रतिमाह मिल रहा है परंतु 2212 रुपए विगत 22 माह बाद भी ईपीएफ के यूएएन के खाते जमा नहीं किया गया है। किसी मनरेगा कर्मियों की मृत्यु पर उसके आश्रित को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। अतः मृतक आश्रित को उसी पद पर समायोजन भी कराया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायतों के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य लिया जाए, जिस संबंध में 31 मई, 2022 को पत्रक संख्या-1086 के अंतर्गत आयुक्त महोदय द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। मानव संसाधन नीति के संबंध में 31 मई, 2022 को पत्रांक संख्या-1087 के अंतर्गत विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। ग्राम रोजगार सेवकों पर फर्जी कार्यवाही ना हो जिस संबंध में पत्रांक संख्या -1085 के माध्यम से आयुक्त महोदय द्वारा पत्र शासन को प्रेषित किया गया है। जॉब चार्ट में अन्य कार्य जोड़ने के संबंध में 18 नवंबर 2021 को व उसके उपरांत विभाग द्वारा कई बार रिमांडर शासन को भेजा गया है, जिसके अंतर्गत 4 विभागों के कार्य जोड़ने थे परंतु सिर्फ प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास की जियो टैग के ही कार्य जोड़े गए हैं। अन्य कार्यों को भी जॉब चार्ट में जोड़ा जाए एवं बकाया मानदेय दिया जाए। राज्य कर्मचारी का दर्जा ग्राम रोजगार सेवकों को दिया जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद सिंह,पुनीता,अर्चना,प्रशांत यादव,मुकेश कुमार,सुरेश कुमार,गिरिजेश कुमार,प्रतिभा पांडेय आदि मौजूद रहे।

# दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखा दो लाख नगद किए पार

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत कसेरूआ कला में बीती रात चोरों ने एक व्यापारी के घर में घुसकर आलमारी में रखा दो लाख रुपया पार कर गए। भुक्तभोगी व्यापारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सहसों पुलिस को तहरीर दे देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी के ठीक पीछे कमलेश कुमार केशरवानी पुत्र लाल जी केसरवानी का मकान है। उसी मकान में राजेश इंटरप्राइजेज नाम से फर्नीचर की दुकान खोल रखा है। रोज की तरह कमलेश केशरवानी ने परिवार समेत भोजन के पश्चात घर में सो गए। मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने मौका देखकर घर के अंदर घुस कर कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर रखी आलमारी का लाक भी तोड़कर उसमें रखा दो लाख रुपया लेकर फुर्र हो गए। भुक्तभोगी व्यापारी के अनुसार चोरी करने के पश्चात चोर छत के रास्ते फरार हो गए। बुधवार की सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर सहसों पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। बुधवार को व्यापारी कमलेश कुमार केसवानी ने चोरी के संबंध में सहसों पुलिस चौकी जाकर चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की हैं।

# भारत सरकार के अधिकारी ने विकास खंड करछना के चार गांवो में मनरेगा कार्यों की परखी हकीकत

अखंड भारत संदेश






**करछना।** प्रयागराज बुधवार को विकासखंड करछना के चार गांव में मनरेगा से संबंधित कराए गए कार्यों का भारत सरकार के मनरेगा की जांच करने पहुंचे विकास खंड के चार गांव का जायजा लिया जिसमें गधियाव, हिंदूपुर, नीबी, एवं कैथी गांव में अमृत सरोवर पंचायत भवन एवं मनरेगा से कराए गए इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गांव में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा बुधवार सुबह 10:00 बजे भारत सरकार के केंद्रीय टीम ओमप्रकाश चौबे ने विकासखंड करछना पहुंचकर खंड विकास अधिकारी पंचायत सचिवों के साथ घंटों बैठक के दौरान मंथन किया दोपहर ब्लॉक करछना की एक टीम भारत सरकार के अधिकारी ओम प्रकाश चौबे को लेकर सबसे पहले ग्राम पंचायत हिंदूपुर पहुंचकर पंचायत भवन का अवलोकन किया तथा इंटरलॉकिंग एवं अमृत सरोवर का भी निर्माण कार्य देखा इसी तरह उन्होंने नीबी ग्राम पंचायत ,गधियाव एवं कैथी ग्राम पंचायत में मनरेगा से निर्मित अमृतसरोवर पंचायत भवन इंटरलॉकिंग नाली आदि कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव एवं प्रधानों में हड़कंप मचा रहा सरकार की मंशा है कि ग्राम पंचायतों को आवंटित किए गए धन का सही उपयोग हो और ग्रामीणों को उसका लाभ उचित मिल सके इसी की जांच में भारत सरकार के अधिकारी विकासखंड करछना के चार गांवो का कई घंटे तक निरीक्षण और जांच कर जाय जा लिया तथा मिली खामियों के संबंध में संबंधित सचिव एवं जिम्मेदार लोगों को दिशा निर्देश दिए इस दौरान ब्लाक कर्मचारियों में मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार शुक्ला, एस्टेट कवाडिनेटर शैलेन्द्र कुमार, रोजगार सेवक संघ के विकासखंड करछना के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव सहित ब्लॉक के कई कर्मचारी जांच के दौरान मौके पर उपस्थित रहे।

## आज होगा उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवकों का ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

**करछना।** प्रयागराज प्रदेश के ग्राम पंचायतों में नियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे सरकार द्वारा वर्षों से लंबित मांगों को लेकर ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले रोजगार सेवकों ने अपनी आवाज कयी बार सरकार से बुलन्द कर चुके के बाद भी सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर चुकी हैं जिसको लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार संघर्ष समिति के आह्वान पर रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर 25 अगस्त को जिले के प्रत्येक विकास खंडों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर अविलंब मांगों को पूर्ण किए जाने को लेकर गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय करछना पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगे उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ करछना ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने दी और सभी ग्राम रोजगार सेवकों से अपील करते हुए गुरुवार सुबह 10 बजे ब्लाक मुख्यालय करछना पर उपस्थित होने की अपील की है।

# पति ने पत्नी को चाकू गोद कर उतारा मौत के घाट, मचा रहा कोहराम

## ससुराल में पति ने पत्नी पर चाकू से किया था जानलेवा हमला, एसआरएन में हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** के छतनाग रोड के सरायतकी इलाके में हुई थी वारदात, मच गई थी अफरा-तफरी झूंसी। थाना क्षेत्र के छतनाग रोड के सरायतकी इलाके में सोमवार की सुबह पति द्वारा चाकू से किए ताबड़तोड़ हमले में जख्मी विवाहिता की बुधवार की सुबह उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पति आशीष ने पत्नी नीलम मिश्र (35) पर चाकू से ताबड़तोड़ 16 वार किए थे। पोस्टमार्टम के बाद शाम को परिजन विवाहिता का शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। परिजन विवाहिता के शव से लिपटकर खूब रोए। बाद में उसका अंतिम संस्कार झूंसी के छतनाग घाट पर किया गया। मौके पर लोग भी भारी संख्या में जुटे रहे।

थाना क्षेत्र के छतनाग रोड के सरायतकी निवासी स्वर्गीय नागेश कुमार भोलानाथ पांडेय की बेटी पत्नी नीलम मिश्र (35) का विवाह 13 साल पहले थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ निवासी देवनाथ मिश्र के बेटे आशीष के साथ हुआ था। पति से नीलम को बेटी गुनगुन (13), कलश (10) और बेटा युवराज (05) है। मायके वालों के मुताबिक विवाह के बाद से ही ससुराली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। यही वजह थी कि विवाह के बाद तकरीबन डेढ़ साल तक नीलम मायके में ही रही थी। 18 अगस्त को विवाहिता नीलम का देवर दीपक मिश्र उसे मायके छोड़ गया था। सोमवार की सुबह नीलम अपने मायके के पिछले कमरे में सो रही थी। इसी बीच सुबह तकरीबन साढ़े आठ बजे उसका पति आशीष बाइक से ससुराल आया और सीधे पत्नी नीलम के कमरे में दाखिल हो गया। उसने कमरे के भीतर सो रही पत्नी पत्नी नीलम पर चाकू से ताबड़तोड़ 16 वार कर खून से लथपथ कर दिया। उसने चाकू से नीलम की गर्दन भी काट दी थी। बहन की चीख-पुकार सुनकर बाथरुम में नहा रहे बड़े भाई राजेंद्र दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। बहनोई के हाथों में खून से सना चाकू और वहीं पर खून से लथपथ पड़ी बहन को देख सन्न रह गए। आनन-फानन में राजेंद्र ने बहनोई आशीष को पीछे से चाकू समेत दबोच लिया और पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया। बाद में भाई राजेंद्र की तहरीर पर आरोपी पति समेत अन्य ससुरालियों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। इस बीच बुधवार की सुबह उपचार के दौरान विवाहिता नीलम की एसआरएन में मौत हो गई। दोपहर बाद उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। विवाहिता की मां समेत अन्य परिजन शव से लिपटकर खूब रोए। बाद में उसका अंतिम संस्कार झूंसी के छतनाग घाट पर किया गया। मौके पर लोग भी जुटे रहे।



# चंद्रयान 3 के सफल चांद पर लैंडिंग पर में भाजपा युवा मोर्चा ने मिठाई बांटी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल के सेल्फी प्वाइंट पर चंद्रयान 3 के सफल चांद पर लैंडिंग के उपलक्ष में भाजपा युवा मोर्चा यमुनापार के कार्यकताओं ने हर्षो उल्लास के साथ सेल्फी प्वाइंट अरैल नैनी में जोरदार आतिश बाजी और वहा एकत्रित सभी लोगो को मिठाई खिला कर देश के गौरव को गुढ़ा गान किया,इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने सभी देश वासियों को इस गौरव क्षण की बधाई दी साथ ही साथ धन्यवाद दिया देश के प्रधान मंत्री मोदी जी को जिन्होंने देश के वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया युवा मोर्चा महामंत्री ने देश के वैज्ञानिकों को कठिन परिश्रम की बधाई दी,युवा मोर्चा प्रभारी दीप द्विवेदी ने सभी को मिठाई खिला कर वहा मौजूद सभी का उत्साह वर्जन किया,सच्चा बाबा आश्रम के 21 ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन कर के वैज्ञानिकों को अपना आश्रीवाद दिया इस मौके पर पंकज तिवारी ,लौलेश,आकाश निषाद ,विकास पांडेय यश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जश्न



**प्रयागराज।** मीरापुर में चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जश्न चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर मीरापुर मंडल के सेक्टर मीरापुर प्रथम में वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी एवं सेक्टर संयोजक अरुण निषाद के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। कार्यकताओं ने तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए एवं आतिशबाजियों से और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। अध्यक्ष सुभाष तिवारी ने सभी वैज्ञानिकों एवम राष्ट्रनायक मोदी जी को धन्यवाद दिया एवम सभी राष्ट्रवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल मंत्री अनिल पांडेय, मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ, शुभेंद्र पांडेय, दीप द्विवेदी समेत अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चुनाव से पहले केपी ट्रस्ट में मचा घमासान बदलाव के लिए विपक्ष हुआ एकजुट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष और केपी ट्रस्ट के सदस्य डॉ. सुशील सिन्हा ने आगामी चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई है। उन्होंने लगातार तीसरी बार पूर्व आईपीएस अफसर पीके सक्सेना की रिटर्निंग अफसर के रूप में नियुक्ति को पक्षपात करार दिया। उन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष पर असलहों का प्रदर्शन कराने, डराने और संपत्ति के व्यावसायीकरण का भी आरोप लगाया।

एशिया के सबसे बड़े शैक्षणिक ट्रस्ट कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष का चुनाव 25 दिसंबर को प्रस्तावित है। अध्यक्ष पद के दावेदार डॉ. सुशील कुमार सिन्हा ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से चुनाव अधिकारी और न्यायाधिकरण के सदस्यों की नियुक्ति के लिए हुई पांच मिनट की बैठक पर आपत्ति जताई। कहा, कि कई बाहरी तत्वों को बुलाकर वहां असलहों का प्रदर्शन कराया गया। ट्रस्टियों को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुंशी कालीप्रसाद कुलभास्कर ने इस ट्रस्ट की स्थापना शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए की थी, लेकिन मौजूदा प्रबंधन व्यावसायी करण कर रहा है। विद्यावाहिनी के बगल की भूमि को व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मेजर रंजीत सिंह गेट से जो भी प्रवेश करे उसका आधार कार्ड और ट्रस्ट का आई कार्ड देखा जाए। सीटीटीवी कैमरे व मेटल डिटेक्टर लगाए जाएं। उन्होंने चेताया कि चुनाव में पक्षपात किया गया तो वह धरने पर बैठेंगे और कोर्ट भी जाएंगे। वार्ता के समय निशीथ वर्मा, कुमार नारायण, जीपी श्रीवास्तव और अखिलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। डॉ. सुशील सिन्हा सीएमपी के सामने की जमीन हथियाना चाहते हैं। इसके लिए वह दबाव बनाते रहे हैं। उनके ट्रस्ट प्रबंधन पर इस तरह के आरोप चुनावी स्टंट से ज्यादा कुछ भी नहीं हैं। जब चुनाव आता है तो वह लोग इसी तरह की मनगढ़ंत बातें करते हैं। चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी।

**ट्रस्ट ने जारी किया कारण बताओ नोटिस :** केपी ट्रस्ट की बैठक में मारपीट और हंगामे पर बयान जारी करने वाले यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिन्हा समेत कई लोगों को ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी एसडी कौटिल्य ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस पर सिन्हा से तीन दिन के भीतर जवाब तलब किया है। इसे अनुशासनात्मक समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया कुर्की का नोटिस

**हंडिया।** प्रयागराज जिले के थाना हंडिया पर मुकदमा संख्या 324/2022 धारा 376 भादवी 67 आईटी एक्ट बनाम इंद्रशेन गौतम पुत्र स्व लक्ष्मण प्रसाद निवासी ग्राम रमदत्तपु 'पोस्ट पाण्डेय थाना लालापुर जनपद वाराणसी की विवेचना निरीक्षक रणंजय सिंह द्वारा की जा रही है अब तक की विवेचना का प्राप्त सबूत से अभियुक्त इंद्रशेन के विरुद्ध जुर्म धारा 376 भादवी 67 आईटी एक्ट की अपराध करीत किया जाना पाया जा रहा है जिनकी गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के मकान पर मीलने के हर संभावित स्थानों पर कई बार दबिश दी गई परन्तु अभियुक्त घर से गायब है माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त के वारंट 82 की नोटिस चस्पा की गई है अभियुक्त के घर पर 82 सीआरपीसी की कार्यवाई घर पर नोटिस चस्पा किया गया अभियुक्त घर पर नही मिला। दिनांक 19 मई 2023 को प्राप्त होने के उपरोक्त भी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उनके घर पर तथा आस पास के क्षेत्र मे मिलने की हर संभावित स्थानों पर दबिश देकर कई बार तलाशी की गई लेकिन हंण्डिया पुलिस को हर बार निराशा हाथ लग रही है। अभियुक्त के विषय मे गांव मे गोपनीय तरिके से जानकारी करने पर प्राप्त हुआ कि अभियुक्त इंद्रशेन समय असमय पर लुक छिपकर अपने सामान को इधर उधर हटा कर फरार होने की पुरी संभावना है।

### डॉक्टर की खुदकुशी की आरोपी प्रेमिका ने लगाई जमानत अर्जी, महीने भर से खोज रही पुलिस

**प्रयागराज।** अल्लापुर में डॉ.सुभाष चंद्र यादव की खुदकुशी के मामले में ब्लैकमेलिंग की आरोपी प्रेमिका चंद्रप्रभा यादव व उसके भाई शिवराज सिंह यादव ने जमानत की अर्जी लगा दी है। दोनों कोर्ट में खुद को निर्दोष बताते हुए जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई है। जार्जटाउन पुलिस डेढ़ महीने से तलाश में लगी है, लेकिन उनका अब तक पता नहीं चल सका है ।मऊआइमा के झीमीताल रसूलपुर निवासी डॉ.सुभाष ने छह जुलाई को अल्लापुर स्थित दोस्त के घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। सुसाइड नोट में उन्होंने करछना के भीलपुर की रहने वाली प्रेमिका व उसके भाई को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। पिता अभिमन्यु की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया ।डेढ़ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस दोनों का पता नहीं लगा सकी है। नैनी स्थित जिस कमरे में आरोपी रहते थे, उसमें भी ताला लगा है । पुलिस उन्हें खोज नहीं पा रही है और उधर दोनों ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। इस मामले में एसीपी जार्जटाउन राजेश यादव का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### सड़क पर सुरक्षित चलना ही जीवन रक्षा है : मनोज सिंह



**हनुमानगंज।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल द्वारा बुधवार को सुरक्षित यातायात के प्रति जन जागरूकता रैली निकली गई। रैली विद्यालय से चलकर कोटवा चौराहे तक जाकर संपन्न हुई। क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार सिंह, फूलपुर इंस्पेक्टर यशपाल सिंह, सरायइनायत थानाध्यक्ष आशीष कुमार एवं उपनिरीक्षक आशुतोष दीक्षित, ने रैली को हरी झंडी दिखाई रवाना किया। इस दौरान एसीपी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यदि हमें जीवन रक्षा करनी है तो सड़क पर चलते समय हमें यातायात के नियमों का पालन करना ही होगा तभी हम दुर्घटनाओं से अपने आप को बचा सकते हैं । समापन स्थल पर स्कूल के बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसके द्वारा यातायात के नियमों का पालन न करने पर उसके गंभीर घातक परिणामों का संदेश दिया गया। इस लघु नाटिका में कक्षा 5 के छात्रों में से अथर्व मिश्रा, अर्थाथ, विवान, रितिका एवं अन्य छात्रों ने भाग लिया। रैली के आयोजन में रुद्र सिंह,अंजलि, उत्कर्ष, नितिन, श्रेयांशी, वेद, माही, प्रत्युष, आयुष्मान, अभिषेक, लक्ष्य, विशाल ऋषभ, के सक्रिय नेतृत्व में कक्षा 4 से कक्षा 10 तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन प्रोफेसर जेपीएन मिश्रा ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार पांडे एवं समन्वयक अदिति सिंह ने आतिथ्य सत्कार तथा सभी अतिथियों एवं रैली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया तथा व्यवस्था सुचारु रुप से करने हेतु समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद किया।

### आपसी सहमति बनाने के लिए 27 अगस्त को महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में सभी पक्षों की होगी बैठक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट में मथुरा वृंदावन मंदिर मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई। प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और यमुना घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई अब 4 सितंबर को सुबह 9:30 बजे से होगी। इससे पूर्व आपसी सहमति बनाने के लिए 27 अगस्त को महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में सभी पक्षों की बैठक बुलाई गई है। मध्यस्थता द्वारा हल किए जाने पर बल : मंगलवार को मंदिर की भीड़ को नियंत्रित करने तथा घाटों के सुंदरीकरण मामले की शाम 5:00 बजे तक सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों के वकीलों से कहा यह ऐसा मामला है कि इसमें मिल बैठकर आपस में इसका निदान किया जा सकता है। कोर्ट ने इस मामले को मध्यस्थता द्वारा हल किए जाने पर बल दिया। महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इसी मुद्दे पर सहमति के लिए सभी पक्षों की 27अगस्त को बैठक बुलाई गई है ।जिसकी जानकारी कोर्ट में पेश की जायेगी। यह आदेश चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर व जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अनंत शर्मा व अन्य और महन्त मधु मंगल दास की तरफ से दाखिल जनहित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया ।सरकार की तरफ से प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र तथा मुख्य स्थाई अधिवक्ता कुणाल रवि ने सरकार का पक्ष रखा। बांके बिहारी मंदिर की तरफ से कोर्ट में उपस्थित सेवायतों के अधिवक्ता ने कहा की मंदिर उनका है और मंदिर में मिलने वाला दान पर उनका हक है ।सरकार इस पैसे को विकास के नाम पर उनसे नहीं ले सकती। बहरहाल, कोर्ट जनहित याचिकाओं पर आगामी 4 सितंबर को सुनवाई करेगी।

### प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की हुई मौत

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टेला गांव में प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव पीड़िता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया ' परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जच्चा और बच्चा दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के टेला भीतिहा का पूरा गांव निवासी सुनीता देवी उर्फ आरती उम्र 22 वर्ष पत्नी सुरेंद्र कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर सूचना पर पहुंची आशा के द्वारा प्रसव पीड़िता को टेल स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कर दिया गया। जहां पर प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई और कुछ देर बाद रक्त स्राव अधिक होने के कारण प्रसूता की भी मौत हो गई। परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जच्चा और बच्चा दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।बता दे कि मृतका की शादी 14 जून 2020 को हुई थी उसका मायका जगतपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही में है। मामले को लेकर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक हंडिया डॉ सुरेश यादव से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर आशा को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। जबकि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल को सीज करने का आदेश दे दिया गया है।

# जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या हुई 17, पांच का चल रहा इलाज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अगस्त माह की समाप्त के साथ ही डेंगू के मरीजों की संख्या जिले में बढ़ने लगी है। सोमवार को 2 नये मामले आने के साथ कुल सक्रीय मरीजों की संख्या 17 हो गई है। जिसमें 7 मरीज शहरी क्षेत्र के हैं और 5 मरीज ग्रामीण इलाके के हैं। इनमें पांच मरीजों की सही पहचान न मिलने के कारण उन्हें सत्यापित नहीं किया जा सका है। इसके अलावा अन्य 12 मरीजों में से आठ मरीज स्वस्थ्य हो चुके हैं। बाकी चार मरीजों का इलाज स्वरूरानी नेहरू चिकित्सालय में चल रहा है। जिला मलेरिया विभाग की मानें तो अगस्त के अंत और सितंबर माह में डेंगू के मामले बढ़ने का खतरा रहता है। जिला मलेरिया विभाग की टीम द्वारा लगातार शहर के तमाम इलाकों में सर्वे का काम किया जा रहा है। इस दौरान हर इलाके में एंटी लार्वा छिड़कने का काम हो रहा है। वहीं डेंगू के जिन पांच मामलों को सत्यापित नहीं किया जा सका है, उनके इलाकों में पैराथ्रम स्प्रे का छिड़काव किया गया। जिसमें कालिंदीपुरम, लूकरगंज, अल्लापुर, कीडगंज, गोविंदपुर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। इसके अलावा मेजा, रामनगर, हंडिया व फूलपुर सहित अन्य ब्लाकों में भी जिला मलेरिया विभाग की टीम द्वारा सर्वे का काम किया गया।इस दौरान संदिग्ध लोगों के डेंगू की जांच भी की जा रही है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की टीम भी संयुक्त रूप से कार्य कर रही है। हालांकि मंगलवार को जिले में डेंगू के एक भी मरीज की पहचान नहीं हुई, जो राहत की बात रही। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि यह समय काफी सावधानी बरतने का है। क्योंकि बरसात होने पर डेंगू के मामले तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में साफ-सफाई व घर व आसपास के स्थानों में पानी का ठहराव न होने दें।

### घाटे में चल रहे पराग के प्लांट को लीज पर देने की तैयारी

**प्रयागराज।** लंबे समय से घाटे में चल रहे पराग के प्लांट को 10 साल के लिए लीज पर दिए जाने की तैयारी है। मंगलवार को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद इसका रास्ता साफ हो गया। शासन के निर्देश के क्रम में आगे की प्रक्रिया होगी। प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के तहत मंदर मोड़ के पास पराग का 60 हजार किग्रा क्षमता वाला प्लांट स्थापित किया गया है। शुरुआती दिनों में तो प्लांट में क्षमता से कहीं ज्यादा दूध आता था, लेकिन अब मात्र साढ़े छह हजार किग्रा दूध आ रहा है। हालांकि, 389 समितियां अब भी जुड़ी हैं, लेकिन दूध की मात्रा क्षमता के 10 फीसदी ही रह गई है। लगातार घाटे से कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है तो पशुपालकों का भी करीब दो करोड़ रुपये बकाया है। प्लांट में कर्मचारियों की संख्या भी घटकर 25 रह गई है। महाप्रबंधक समेत दो कर्मचारी ही फेडरेशन के हैं। इसे देखते हुए प्लांट को निजी संस्थाओं को लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में प्लांट को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। ऐसे में इसे 10 साल के लिए लीज पर दिए जाने की कवायद तेज हो गई है। महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि प्लांट संचालन को लेकर कैबिनेट में प्रस्ताव रखा गया था। शासन के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्थिर वेतनमान पर नहीं की जा सकती अनुकंपा नियुक्ति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अनुकंपा पद पर एकमुश्त या स्थिर वेतनमान पर नियुक्ति नहीं की जा सकती। उसे नियमित वेतनमान पर नियमित नियुक्ति ही दी जा सकती है।

**कोर्ट ने बीएसए का आदेश रद्द किया :** कोर्ट ने एक मुश्त वेतनमान पर नियुक्त बेसिक शिक्षा विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उसकी नियुक्ति की तिथि से नियमित वेतनमान देने का आदेश दिया है तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कर्मचारी को नियुक्ति की तिथि से एकमुश्त वेतनमान नहीं देने के आदेश को रद्द कर दिया है ।यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने प्रवीण कुमार की याचिका पर दिया है। याची का कहना था कि वर्ष 2004 में 2850 रुपए प्रति माह के नियत वेतन पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर उसे नियुक्त किया गया। वर्ष 2010 में उसे नियमित वेतनमान पर नियुक्ति दी गई ।तब से वह लगातार नियमित वेतन पा रहा है। याची ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कासगंज को प्रत्यावेदन देकर नियुक्ति की तिथि से नियमित वेतनमान दिए जाने की मांग की। जिसे बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका की।

बीएसए के आदेश को हाईकोर्ट में दोबारा दी गई चुनौती : हाईकोर्ट ने बीएसए कासगंज को आदेश दिया कि वह रवि करण सिंह केस के निर्णय के आलोक में याची के मामले पर विचार करें । इसके बाद भी बीएसए ने याची का प्रत्यावेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 17 जून 1996 को निदेशक बेसिक शिक्षा ने आदेश पारित किया था कि एकमुश्त वेतन पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित वेतनमान, नियमित किए जाने की तिथि से ही देय होगा । उससे पूर्व की गई सेवा के लिए नियमित वेतनमान नहीं दिया जा सकता है। बीएसए के इस आदेश को पुनः हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। अधिवक्ता ने पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेशों की नजीर पेश करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने कहा है की अनुकंपा के आधार पर एक मुश्त वेतनमान पर नियुक्ति नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद कहा कि अनुकंपा नियुक्ति एकमुश्त वेतनमान पर नहीं की जा सकती है ।यह नियुक्ति नियमित वेतनमान पर ही होनी चाहिए। इसलिए जिनको एक मुश्त वेतनमान पर नियुक्ति दी गई है उनको नियुक्ति की तिथि से नियमित वेतनमान देय होगा ।कोर्ट ने बीएसए का आदेश रद्द करते हुए उनको हाईकोर्ट द्वारा पारित इस आदेश के आलोक में याची के प्रकरण पर दो माह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

# दिनेश शर्मा ने जिपं सदस्यों को पढ़ाया पार्टी का पाठ

### आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री, कहा गांव के विकास का मुख्य आधार है जिला पंचायत




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा आज मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे थे। उन्होंने कहा, जिला पंचायत गांव के विकास का मुख्य आधार है। यह जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। इस सेतु को मजबूत बनाने के लिए भाजपा ने प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री जिला पंचायत सभागार में आयोजित दो दिवसी भाजपा काशी क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र का संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने 12 जिलों से आए जिला पंचायत सदस्यों और अध्यक्षों को बीजेपी पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राजनीति की नर्सरी भी है। यहां से सीखेंगे तो आगे की चीजों को समझना आसान होगा। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा हम सब को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जुट जाना चाहिए। केंद्र सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाना होगा। लोगों को बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश कितना बदल रहा है। किसानों की आमदनी बढ़ी है। डिजिटल क्रांति गांव तक पहुंची है। कुल मिलाकर विकास के मंत्र को लेकर घर घर जाना है। यह भी बताना होगा कि विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ा है। अमेरिका व अन्य देश के लोग हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं। हमारी विरासत की नकल भी कर रहे हैं। ये सभी चीजें मोदी राज में संभव हुआ इसलिए तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाएं। कार्यप्रणाली, संवाद और संपर्क का दिया टिप्स इसके पूर्व प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा कषेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल रहे। उन्होंने। इंटरनेट मीडिया पर किस तरह की गतिविधियों को करना है इस सभी चीजों की बारीकियों को जाना। पांचवें सत्र में मुख्य वक्ता रमापति राम त्रिपाठी रहे। उन्होंने संगठन विस्तार के विभिन्न पहलओं को समझाया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, पूर्व विधायक दीपकपटेल ने उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा व अन्य वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंच संचालन क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजेश केसरवानी, संतोष सिंह पटेल, कमलेश कुमार गौतम, महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अर्चना शुक्ला, अजय पोडिय, अमरनाथ यादव, ज्ञानेश्वर शुक्ला, पवन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### माफिया अतीक की जमीन पर खेलेंगे बच्चे

**झुंसी हवेलिया स्थित इस जमीन पर बच्चों का पार्क और मेडिटेशन सेंटर बनाने की तैयारी**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की झूंसी हवेलिया स्थित जमीन पर अब बच्चों का पार्क बनेगा। अतीक ने झूंसी के हवेलिया में कोल्ड स्टोरेज बनाकर सरकारी जमीन पर कब्जा किया था। 400 वर्गगज से अधिक यह जमीन प्राइम लोकेशन पर है। इसे 2020 में जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर कब्जा मुक्त कराया गया था। अब यहां बच्चों का पार्क और मेडिसेंटर बनाने की तैयारी है। पहले थी आवास बनाने की प्लानिंग राजस्व विभाग ने इस भूखंड की पैमाइश कराई तो पता चला कि यह गंगा के बाढ़ बिंदु के 500 मीटर दायरे में है। पहले यहां पर गरीबों के लिए आवास बनाने की तैयारी थी। नियमानुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्मण नहीं हो सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का यह आदेश है। ऐसे में अब राजस्व विभाग ने इस जमीन को प्रयागराज विकास प्राथिकरण को देने की तैयारी कर रहा है। पीडीए को यह जमीन मिलने के बाद यहां पार्क और मेडिटेशन सेंटर डेवलप करने की प्लानिंग है। मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेतर होने के कारण यहां पर आवासीय निर्माण संभव नहीं है। भूखंड प्राइम लोकिशन पर है ऐसे में यहां पार्क बनाया जा सकता है। लूकरगंज में माफिया की कब्जे वाली जमीन पर बन चुका है। गरीबों का घर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर 76 गरीबों के लिए आवास बनाया है। इन आवासों की चाबी खुद योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज आकर चर्यनित लाभार्थियों को सौंपी थी। झूंसी के हवेलिया स्थित यह जमीन अतीक के पिता हाजी फिरोज अहमद के नाम थी। इसे 2020 में अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया था। इस पर अब बच्चं के लिए पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है।

### फर्जी चयन पर जताई आपत्ति, एसडीएम से शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फर्जी तरीके कोटे के चयन पर गांव की एक महिला ने उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर मामले में कोटा रद्द करने की मांग की है। मंगरौरा विकास खंड के चैमरी गांव में बीते 20 मई को फर्जी तरीके से कोटेदार चंद्रकला का चयन किया गया वह सुल्तानपुर की निवासी है उन्होंने अपने आधार कार्ड में संशोधन करवा कर गलत निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया इसकी शिकायत इंदू पत्नी अशोक कुमार ने किया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उप जिलाधिकारी पट्टी को फिर से शिकायती पत्र देकर मामले में कोटा रद्द करने की मांग की गई है।

# विधायक व डीएम ने शहीद नायब सूबेदार को दी श्रद्धांजलि, पार्थिव शरीर पर पुष्प किया अर्पित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह एवं जनप्रतिनिधिगण विकास खण्ड सदर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बहलोलपु? में पहुॅचकर शहीद नायब सूबेदार लालजी यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

जिलाधिकारी ने शहीद के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करते हुये कहा कि इस दुःख की घड़ी में शासन एवं प्रशासन आपके साथ है। शहीदों की शहादत का कोई मूल्य नही चुकाया जा चकता। शहीद के परिवार को शासन द्वारा हर सम्भव मदद की जायेगी। शहीद के परिवारजनों ने जिलाधिकारी को मांग पत्र भी सौंपा। जम्मू कश्मीर के लेह में तैनात सदर ब्लाक के बहलोलपुर निवासी नायब सूबेदार लालजी यादव भारत मां की सीमा की रक्षा करते हुये रविवार को शहीद हो गये। रविवार शाम ड्यूटी के दौरान उन्हें हार्टअटैक आ गया था।

# डंफर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**बाइक से दादी मां के इलाज को लेकर जिला मुख्यालय जा रहा था युवक**

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ मुख्यालय जा रहे युवक की लीलापुर थाने के समीप डम्फर की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंफर के पहिए के नीचे फंसे युवक के शव को खासी मशक्कत के बाद किसी तरह बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजन आननफानन में मौके पर पहुंचे। युवक के शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया।

लालगंज कोतवाली के महमदपुर चारपुरा के पूरे श्याम राय का पुरवा गांव निवासी अभिषेक शुक्ल 24 पुत्र नरेन्द्र शुक्ल बुधवार सुबह अपनी दादी के खून की जांच कराने को लेकर बाइक से प्रतापगढ़ जा रहा था। वह लीलापुर थाने के समीप हाइवे पर प्रतापगढ़ की ओर ही जा रहे डंफर की चपेट में आ गया। हादसे में युवक बाइक से सड़क पर गिरकर डंफर के पहिये से कुचल उठा। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को सूचना दिया। हादसे के बाद डंफर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस की खासी मशक्कत के बाद किसी तरह पहिये के नीचे दबे युवक के शव को बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन शव को देख रोने बिलखने लगे। मृतक दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। वह दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। कुछ ही दिन पूर्व यहां गांव आया हुआ था। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भगवान राम अयोध्या में राज करने के लिये नहीं बल्कि रावण का वध करने के लिये पैदा हुए: प्रकाश चंद्र

### तुलसी जयंती पर हादीहाल में तुलसीदास की पंक्तियों का हुआ अलंकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के तुलसी सदन (हादीहाल) में तुलसी जयंती के अवसर पर बुधवार को तुलसीदास की चैपाई के शिलापट्ट का उद्घाटन नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह द्वारा करने के बाद मुख्य अतिथि के रुप में आए जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान राम अयोध्या में राज करने के लिये नहीं, बल्कि रावण का विनाश करने के लिये पैदा हुए थे।

राम को वनवास भेजने वाली कैकेयी व मंथरा जैसी महिलाओं का बचाव करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान राम ने ही पूर्व में ही ऐसी योजना बनाई थी कि उन्हें वन भ्रमण करना पडे. और



तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्जवलन करते डीएम व नपाध्यक्ष।

सीता का हरण करने वाले रावण का वध करने के लिये ये सारी योजनाबद्ध तरीके से भगवान राम ने व्यवस्था की थी। उन्होंने कहा कि अगर राम वन न गये होते तो बुराई के प्रतीक रावण का वध कैसे होता? इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि तुलसीदास का बचपन कठिनाईयों में बीता। मां का साया बचपन में ही उठ जाने के बाद तुलसीदास का झुकाव भगवान राम की ओर हुआ और वह चित्रकूट आ गए, जहां भगवान राम की आराधना करने लगे। फिर क्या था, एक साधु के वेष में चित्रकूट के घाट पर भगवान राम प्रकट हो गये और तुलसीदास से चंदन लगवाया जिसका उल्लेख तुलसीदास ने अपनी रचना में किया है-चित्रकूट के घाट पर भय संतन की भीड़, तुलसिदास चंदन घिसै तिलक देय रघुवीर। प्रारंभ में तुलसीदास के चित्र पर जिलाधिकारी ने माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलन किया। इस मौके पर राम कथा के ममर्ज्ञ राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विभिन्न प्रसंगों पर तुलसीदास का वर्णन किया। इस अवसर पर सीडीओ ईशा प्रिया, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सहित नगर पालिका के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजकीय बालिका इंटर कालेज के शिक्षक मो0 अनीस ने किया।

## एमडीपीजी कॉलेज में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** तुलसी जयंती समारोह जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं एमडीपीजी कॉलेज हिंदी विभाग के तत्वाधान में बुधवार को बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी दास जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद किया गया। एमडीपीजी कॉलेज की छात्राओं के सरस्वती वंदना के पश्चात समारोह में जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री आनंद कुमार पांडेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समारोह में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्रो. सूर्यनारायण ने संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि संत शिरोमणि हिंदी साहित्य के पुरोधा तुलसीदास भक्ति कालीन कवियों में ऊंचा स्थान रखते हैं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में तुलसीदास की रचना के प्रति राजनीतिक वितंडा वाद पर भी टिप्पणी की। उन्होंने तुलसीदास की तुलना महाकवि निराला से करते हुए उनके बारे में विस्तृत विचार व्यक्त किया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के प्रपौत्र प्रोफेसर विवेक निराला ने तुलसीदास जी के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा ने आए हुए अतिथियों एवम उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश चंद शुक्ला ने किया। समारोह में डॉ उषा तिवारी, डॉ अरुण वर्मा, डॉ अरुण मिश्रा, डॉ रेखा मिश्रा एवं डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ पीयूषकांत शर्मा, डॉ किरण मिश्रा, डॉ आरके दुबे एवं कवि डॉ श्याम शंकर शुक्ला, श्याम कवि सुरेश पांडेय संभव ने अपने कविता पाठ से किया।



तुलसीदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते प्राचार्य व अन्य।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए अध्यापकों का हुआ सम्मान



अध्यापक को सम्मानित करते शिक्षकगण।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को आयोजित शिक्षक समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए चार अध्यापकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर शिक्षको में खुशी का माहौल देखा गया। स्थानीय नगर स्थिति पं०राम कर्ण पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक सर्वेश मिश्र ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्कूल के होनहार शिक्षक गिरीश मिश्र,संदीप पाण्डेय, धीरज यादव व शिवम पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री मिश्र ने कहा कि सम्मान से शिक्षको के अंदर ईमानदारी से कार्य करने की लगन पैदा होती है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एकलव्य एकेडमी में आग से बचाव की दी गई जानकारी



आग से बचाव की जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पूर्वी सहोदरपुर स्थित एकलव्य एकेडमी में अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, ली0फा0 मैन राधेश्याम दुबे, चालक जगन्नाथ आर्या, फायरमैन सत्य प्रकाश यादव, अमित सिंह, विजय बहादुर यादव, महेन्द्र कुमार, मोहित साहू, राहुल गौतम, संदीप कुमार द्वारा विद्यालय की छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा विषय पर राधेश्याम दुबे द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस दौरान फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्नि दुर्घटनाग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे आहत व्यक्ति को लैडर के माध्यम से सकुशल बाहर निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर उसे बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन अखिलेश सिंह व अध्यापकगणों ने प्रशंसा की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई दो किशोरियां

**लालगंज क्षेत्र की है दोनो सगी बहनें, परिजन ने दी तहरीर**

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरियां गायब हो गई। रिश्ते में दोनो सगी बहनें है। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही लग सका। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

स्थानीय कोतवाली स्थित रानीगंज कैथौला क्षेत्र की दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में दो दिन पहले गायब हो गई। लोगों की माने तो दोनो बहनों में एक की उम्र सोलह वर्ष तो दूसरी की 14 वर्ष है। परिजनों ने रिस्तेदारी से लेकर परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ भी पता नहीं लग सका। किशोरियों के गायब होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही है। कोई कुछ कह रहा है तो कोई भागने का कारण परिजनों द्वारा प्रताड़ना बता रहा है।

मामला कुछ भी हो यह तो जांच का विषय है। फिलहाल दो किशोरियों के लापता होने से पुलिस की सिरदर्दी जरूर बढ़ गई है। घटना को लेकर परिजन काफी परेशान है। कोई कही अप्रिय घटना हो न जाए यह सोचकर वह और परेशान हो उठते है। घटना को लेकर किशोरियों की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। इस बाबत चैकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया की मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### दो युवतियों के गायब होने का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के ढ़ोलकहन का पुरवा अगई गांव की नगीना पत्नी जमील अहमद के अनुसार बीते इक्कीस अगस्त को उनकी दो बेटियां साबिरा बानो व साजिदा बानो नल पर कपड़े धोने गयी थी। घर वापस न लौटने पर काफी खोजबीन की गयी लेकिन दोनों का कहीं अता पता नहीं चल सका। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंगलवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मंदिर में मांस मिलने की घटना में महिला गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर की बाजार स्थित शिव मंदिर में मांस व हडडी मिलने की घटना को लेकर पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ शांतिभंग की धारा के तहत कार्रवाई की है।

लालगंज कोतवाली के नगर अर्न्तगत वार्ड नंबर चौदह बाजार खास में स्थित प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर धाम में मंगलवार की सुबह पके चावल के दानों के साथ मांस व हडडी मिलने की घटना से हडकंप मच गया था। मामलें में मंदिर के पुजारी श्याम बिहारी शास्त्री पुत्र रामदास की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अमृत जैन के अनुसार सीसी फुटेज के आधार पर आरोपित महिला कस्बा के बाजार खास निवासी गुडडा देवी पत्नी छेदी लाल सरोज की शिनाख्त की गयी। आरोपित महिला को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में महिला ने बताया कि तांत्रिक क्रिया में टोटका के तहत उसने मंदिर को अपवित्र करने का कार्य किया। आरोपित महिला का एक सौ इक्यावन की धारा में चालान किया गया है। मंदिर के आसपास शांति सुरक्षा को लेकर एहतियातन पुलिस की तैनाती की गयी है।

### एसपी की फटकार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर निवासी बड़े लाल वर्मा ने एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर कहा है कि बीती चार जुलाई को शाम करीब तीन बजे उसके पिता गुरूदीन वर्मा लीलापुर तिराहे से पैदल घर आ रहे थे। इसी बीच बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज के दौरान रात में ही उनकी मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर पीडित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर पुलिस हीलाहवाली करती रही। परेशान पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत एसपी से किया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में स्पाइन सर्जरी की सुविधा

**अभी तक प्राइवेट अस्पतालों में होती थी यह सर्जरी**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रीढ़ की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों का इलाज अब डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में होगा। यह सुविधा हो जाने से स्पाइन के मरीजों को अब प्राइवेट में इलाज कराने नहीं जाना पड़ेगा।

जिले के सरकारी अस्पताल में सुविधा न होने से लाखों रुपए खर्च करके मरीज किसी प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम में भर्ती होता है। चूंकि सर्जरी महंगी होती है। इसलिए सब के बस की बात नहीं कि वह प्राइवेट में जाए। लोग दवा के भरोसे रह जाते हैं। रीढ़ की बीमारी से पीड़ित मरीज को अब महंगा इलाज कराने की जरूरत नहीं है। जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू हो गई है। जो भी मरीज अस्पताल जायेगा उसको इसका लाभ मिलेगा। सर्जरी के लिए आने वाला मरीज अब मशीन से बेहोश होगा। यह काम जनरल एनिस्थिया मशीन (जीएएम) से लिया जायेगा। मशीन राजा प्रताप बहादुर के हड्डी ओटी में गई है।

### क्या है स्पाइन सर्जरी...

**प्रतापगढ़।** यह एक सर्जिकल प्रक्रिया है। जो किसी व्यक्ति को रीढ़ की हड्डी की समस्याओं के कारण होने वाले दर्द से राहत दिलाने के लिए की जाती है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार बताते हैं कि इससे हड्डी के जोड़ों और कशेरुक हड्डियों को स्थिर करने में मदद मिलती है।

### क्या कहते हैं प्रिंसिपल...

**प्रतापगढ़।** इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि प्रताप बहादुर अस्पताल में स्पाइन सर्जरी की सुविधा हो गई है। अब मरीजों का आपरेशन आसान हो जाएगा।

### बुजुर्ग, दिव्यांग मरीजों के लिए अस्पताल में खुला नया काउंटर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में आने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें पर्चे के लिए भीड़ में धक्का खाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेडिकल कालेज प्रशासन ने उनकी समस्याओं को देखते हुए अलग से पर्चा काउंटर खोल दिया है। उसकी इस पहल से मरीज खुश हैं और कालेज प्रशासन की सराहना कर रहे हैं।

दरअसल, अभी तक राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में दो ही पर्चा काउंटर महिला और पुरुष के थे। इससे काफी भीड़ होती है। लाइन लंबी हो जाती है। पीछे जगह नहीं बचती थी। ओपीडी का रास्ता बंद हो जाता है। बूढ़े, लाचार और दिव्यांग मरीजों को इसी लाइन में धक्के खाने पड़ते हैं। जिससे उनकी काफी दिक्कत होती है। उनकी समस्याओं को मद्देनजर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पहल की ओर इनके लिए अलग से नया पर्चा काउंटर खोल दिया। इस तरह से अब तीन काउंटर हो गए है। पता चला है कि एक और काउंटर खोला जायेगा। इसके लिए तैयारी हो रही है। काउंटरों की संख्या बढ़ाए जाने से अब मरीजों को लाइन से जल्दी छुटकारा मिल जाएगा और वे समय से ओपीडी में डाक्टर से मिल सकेंगे। इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पर्चा काउंटर खोल दिया गया है। जल्द ही चार काउंटर नजर आएंगे। पर्चा बनवाने आए बुजुर्ग और दिव्यांग मरीजों को इससे राहत होगी।

## चोरी की बाइक व अवैध पिस्टल कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के थाना कुण्डा उ0नि0 शनी कुमार व उ0नि0 विनय कुमार सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कुण्डा के महाराजा होटल करेंटी बाइपास के पास से एक व्यक्ति खालिद अंसारी पुत्र मुज्जफर अली नि0ग्राम पूरेशाह करमअली थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की पल्सर मोटर साइकिल जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट व एक अदद अवैध पिस्टल .32 बोर व तीन अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 288/2023 धारा 411, 420, 465, 471 भादवि व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त खालिद ने पुलिस पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल उसने 5 जुलाई 2023 को थाना क्षेत्र कुण्डा के टी0पी0 इण्टर कालेज से चुराई थी, पकड़े जाने के डर से फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा था। चोरी की मोटर साइकिल के सम्बन्ध में थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 235/2023 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करके अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया। पुलिस की कारवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

# स्कूटी सवार महिला को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचला दर्दनाक मौत

**भतीजी और भतीजे के साथ दवा कराकर लौट रही थी वापस अपने गांव, हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुँचे परिजन**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के रतगहा गांव के पास भतीजे के साथ स्कूटी से जा रही महिला को ईट भट्ठे से ईट लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया है जिससे महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से चालक फरार हो गया है पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के दारानगर के शादीपुर की रहने वाली है हादसे की जानकारी मिलते ही महिला का पति रईस अहमद सहित परिवार के लोग घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर चक चमरूपुर दारानगर की रहने वाली महिला सायरा बानो उम्र 42 पत्नी रईस अहमद अपनी भतीजी आफरीन बेगम और भतीजे मोहम्मद उस्मान के साथ बुधवार की सुबह स्कूटी से चरवा थाना क्षेत्र के रतगहा डॉक्टर के पास इलाज कराने गयी थी डॉक्टर से इलाज कराने के बाद महिला अपने भतीजे और भतीजी के साथ स्कूटी से वापस अपने गांव शादीपुर लौट रही थी जैसे ही स्कूटी सवार तीनों लोग रतगहा गांव के बाहर बाग के पास पहुंचे सैय्यद सरावा के ईंट भट्ठे से ईट लेकर जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने स्कूटी सवार लोगों को टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार महिला सायरा बानो ट्रैक्टर ट्राली के चक्के के नीचे आ गई और मौके पर महिला की ट्राली के चक्के से कुचलकर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई हादसा देखकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई बढ़ती भीड़ देखकर ट्रैक्टर का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## भरवारी के व्यापारी की फतेहपुर में सड़क हादसे में मौत

**मौत की जानकारी मिलते ही घर पर लगा मजमा परिवार में मचा कोहराम**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के व्यापारी मोहनलाल केसरवानी पुत्र रोशन लाल असवा वालो ने अपनी हार्डवेयर की दुकान मूरतगंज बाजार में खोल रखी है,वह सामान लाने के लिए मगंलवार को कानपुर गए थे, सामान एक गाड़ी में लदवा कर वापस आते समय थरियांव के पास गाड़ी का टायर पंचर हो गया, टायर बदलते समय पीछे से आ रही डंफर ने टक्कर मारते हुऐ ब्यापारी को रौदते हुए चालक डंफर लेकर फरार हो गया, जिससे मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई, सामान लदी छोटा हाथी चालक ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनो को दिया है हादसे में मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है देर शाम सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में अश्रुपूरित आंखों से अंतिम संस्कार किया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के रहने वाले मोहनलाल केसरवानी उम्र लगभग 55 वर्ष मूरतगंज बाजार में पुलिस चौकी के पास मशीनरी स्टोर की दुकान चलाते है, मगंलवार की सुबह सामान लेने वह कानपुर गए थे कानपुर में सामान की खरीददारी करने के बाद एक छोटा हाथी गाड़ी में सामान लदकर कानपुर से मूरतगंज के लिए वह



रात में निकले थे थरियांव थाना पार करते ही गाड़ी का टायर पंचर हो गया, चालक गाड़ी को हाइवे किनारे खड़ी कर पंचर टायर को निकलकर उसकी जगह स्टेपनी लगा रहा था, रात होने की वजह से व्यापारी मोहनलाल केसरवानी मोबाइल से टार्च जला कर चालक को दिखा रहे थे, तभी एक तेज रफ़्तार ट्रक ने पीछे से मोहनलाल को रौदते हुए निकल गया जिससे मौके पर उनकी तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई इस दुर्घटना में छोटा हाथी गाड़ी चालक बाल बाल बच गया

## न्यूज झरोखा

### तीन विद्यालयों का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण निम्न कोटि का मिला पठन-पाठन

**निरीक्षण के दौरान अध्यापकों की उपस्थिति रही बेहद खराब अभी तक क्या मॉनिटरिंग कर रहे थे जिला विद्यालय निरीक्षक खड़े हुए सवाल**




कौशाम्बी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा श्री सच्चिदानन्द यादव जिला विद्यालय निरीक्षक, कौशाम्बी के साथ एस0ए0 इण्टर कालेज सैनी का निरीक्षण किया गया। 01 प्रधानाचार्य, 20 अध्यापक, 04 लिपिक, 03 परिचारक एवं 01 चतुर्थ श्रेणी कार्मिक कार्यरत है, जिसमें से विकास पाण्डेय सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर है। शेष सभी कार्मिक उपस्थित पाये गये उक्त विद्यालय के कक्षों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थित संतोषजनक पायी गयी तथा पठन-पाठन भी ठीक पाया गया। ऊपर की कुछ कक्षाओं में पंखा व विद्युत की व्यवस्था नहीं पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी कक्षाओं में पंखा एवं विद्युत आदि की नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त डॉ रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना एवं उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विस्तृत से जानकारी दी गयी। उक्त विद्यालय में दो छात्राओं ने कन्या सुमंगला योजना का फार्म भरा हुआ है। इसी प्रकार कक्षा-10 की छात्रा रचना कुशवाहा के पिता का स्वर्गवास एक माह पूर्व हो चुका है, लेकिन योजना के बारे में जानकारी का अभाव होने कारण उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का आनलाईन फार्म आवेदन नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में प्रधानाचार्य को निर्देश दिये गये उक्त छात्रा का आनलाईन आवेदन अविलम्ब करायें इस सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन अधिकारी, कौशाम्बी को भी निर्देश निर्गत किये गये कि सभी विद्यालयों में उक्त योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराये, जिससे छात्राओं को अधिक से अधिक योजना से लाभान्वित कराया जा सकें। डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गुरूकुल महाविद्यालय का भी जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिनी केतन शर्मा विभागाध्यक्ष/प्रभारी प्रधानाचार्य व बृजेश कुमार परिचारक तथा मानदेय शिक्षक अनुज कुमार मौर्य स0अ0, शिरोमणी शास्त्री स0अ0 एवं श्रीमती माधुरी गुप्ता स0अ0 मौके पर उपस्थित मिले, लेकिन शिरोमणी शास्त्री दिनांक 19 अगस्त, 2023 से दिनांक 23 अगस्त, 2023 तक लगातार उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किया गया है और कुलदीप कुमार दिनांक 21.08.2023 एवं 23.08.2023 को हस्ताक्षर नहीं किये गये है। साथ ही उक्त विद्यालय में मानदेय शिक्षक दो उपस्थिति पंजिका बनाये है, जो प्रधानाचार्य के पास उपस्थिति पंजिका है, उसमें अनुज कुमार मौर्य ने हस्ताक्षर किये गये तथा दूसरी उपस्थिति पंजिका में मानदेय शिक्षक शिरोमणी शास्त्री, श्रीमती माधुरी गुप्ता एवं श्री कुलदीप कुमार द्वारा हस्ताक्षर कर अपने पास रखा जाता है, जबकि उपस्थिति पंजिका कार्यालय का दस्तावेज है, जो प्रधानाचार्य के पास होना चाहिए। यह स्थिति नितान्त आपत्तिजनक है। उक्त विद्यालय में कुल 180 छात्र पंजीकृत है, परन्तु निरीक्षण के दौरान एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाये गये। प्रधानाचार्य ने अवगत कराया कि विद्यालय में मरम्मत का कार्य चल रहा है। इस कारण बच्चे माह अगस्त, 2023 से विद्यालय नहीं आ रहें है, जिस पर सीडीओ द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि कल से सभी पंजीकृत बच्चों का विद्यालय बुलाकर पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ किया जाय। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण कर और उक्त के दोषी कार्मिक के विरूद्ध कार्यवाही भी प्रचलित कर अवगत करायें। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति अत्यन्त ही निराशाजनक है कि माह अगस्त, 2023 से बच्चों का पठन-पाठन अवरूद्ध चल रहा है। राजकीय बालिका विद्यालय कड़ा का भी सीडीओ ने निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य राजकीय बालिका विद्यालय कड़ा उपस्थित पायी गयी। राजकीय बालिका विद्यालय कक्षा-06 से कक्षा-12 तक सचांलित है। इस विद्यालय में 08 शिक्षक कार्यरत है, जिसमें से श्रीमती अनामिका विद्यार्थी चिकित्सीय अवकाश पर है। वर्तमान में 07 शिक्षक कार्यरत है। विद्यालय में कुल 163 छात्रायें पंजीकृत है, जिसमें से आज दिनांक 23.08.2023 को मात्र 100 छात्रायें उपस्थित मिले। उक्त विद्यालय विज्ञान एवं कला वर्ग दोनों की वर्गो की पढ़ाई होती है, परन्तु विज्ञान वर्ग में मात्र एक गणित की प्रवक्ता होने के कारण विज्ञान वर्ग में रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान की पढाई व्यवधानित है। इस सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये कि राजकीय बालिका विद्यालय कड़ा में विज्ञान वर्ग के शिक्षक की व्यवस्था करायें। इसके अतिरिक्त कक्ष का भ्रमण किया गया, जिसमें छात्राओं से पठन-पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी, परन्तु विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य न्यून कोटि का पाया गया, जो उचित नहीं है। इस सम्बन्ध में प्रधानाचार्य को निर्देश दिये गये कि पठन-पाठन पर विशेष ध्यान दिया जाय।

### बारिश में गिरी दीवार एक व्यक्ति घायल



**नारा कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेवकूपुर में बारिश के कारण दीवार गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है घायल ब्यक्ति को एंबुलेंस से मंझनपुर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। मंगलवार की रात्रि से हो रही बारिश के चलते संतोष कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय राम प्रताप यादव ग्राम सेवकूपुर थाना मंझनपुर के मकान की दीवार गिर गई है मकान की दीवार के मलबे में संतोष कुमार यादव दब गए हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं दीवार गिरने की जानकारी मिलने पर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंचे हैं और दीवार का मालवा हटाकर संतोष कुमार को बाहर निकाला है और घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### नाबालिग को भगाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा गया जेल

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव से पड़ोसी गांव का एक युवक एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को शनिवार को बहला फुसलाकर भगा कर भगा ले गया जिसकी शिकायत किशोरी की मां ने पुलिस से की थी शिकायत मिलने के बाद कोखराज पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू किया शहजादपुर चौकी प्रभारी प्रमेश यादव ने बताया कि बुधवार को जानकारी मिली कि युवक नाबालिग को लेकर बाहर भागने की फिराक में हैं जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज ने वांछित युवक मिथुन पुत्र भईयालाल को कल्यानपुर हाइवे से गिरफ्तार करते हुए लिखापढ़ी कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।वही किशोरी का मेडिकल चेकअप के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### सराय अकिल जा रहे युवक के साथ चरवा थाना क्षेत्र में छिनैती

कौशाम्बी चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा खुर्द निवासी शरद कुमार मिश्रा पुत्र अश्वनी कुमार ई रिक्शा की किस्त जमा करने सराय अकिल के बेनीराम कटरा जा रहे थे जैसे ही वह घूरी गांव के पास पहुंचे बाइक सवार तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया और मामूली बातचीत के बाद बाइक सवार युवकों ने उन्हें मारपीट कर जेब में रखा 8000 से अधिक नगद और उनका मोबाइल छीन लिया है बाइक सवारो में कोई डॉक्टर फुले का लड़का भी शामिल बताया जाता है छिनैती की सूचना पीड़ित ने चरवा थाना पुलिस को दी है।

### अवैध कब्जा धारकों के घर गिराने को भूल गया तहसील प्रशासन

**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर तमाम लोगों ने कब्जा कर घर बना लिया है सरकारी जमीन के कब्बे के मामले में तहसील प्रशासन की लापरवाही संलिप्तता की बात उजागर हो रही है 3 दिन पहले जिला पंचायत सदस्य के घर पर बुलडोजर लगाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे भवन को धराशाई कर दिया जिला पंचायत सदस्य पर आरोप था कि उसने सरकारी जमीन पर भवन बनाया है अन्य लोगों के भी घर भी सरकारी जमीन पर बने हैं लेकिन अन्य लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने को प्रशासन भूल गया है तहसील प्रशासन में मखऊपुर गांव निवासी सुरेश पुत्र दुर्गा प्रसाद, मगन पुत्र प्रसादी, दिलीफ पुत्र सिया चंद, शत्रुधन पुत्र छेदीलाल, सुरेमन पुत्र छेदीलाल, बुआदीन पुत्र सहदेव आदि जिन्होंने चारागाह के गाटा संख्या 193 पर घर बना लिया है ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने धारा 67 की कार्यवाही कर लोगों को बेदखली का नोटिस दिया है। लेकिन तहसील प्रशासन की नोटिस देने के बाद सरकारी जमीन पर आबादी कब्जा करने वाले लोग बेदखल नहीं हुए हैं। तहसील प्रशासन के आदेश का पालन न किए जाने के बाद भी बुलडोजर लेकर तहसील के अधिकारी अवैध कब्जा धारकों के घर नहीं पहुंच सके हैं। जिससे तहसील प्रशासन पर तमाम सवाल खड़े होने लगे हैं बताया जाता है कि जिन अवैध कब्जा धारकों को बेदखली का प्रशासन ने नोटिस भेजा है। उनके घर चारागाह की जमीन पर बने हुए हैं चारागाह की रिजर्व जमीन पर बने मकान पर प्रशासन का बुलडोजर कब चलेगा आम जनता इसका इंतजार कर रही है।

## उपचुनाव : प्रधान पद के लिए पांच ने ठोकी ताल

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** विकास खंड नेवादा के ग्राम पंचायत कोटिया प्रधान पद और कादिरपुर नेवादा में बीडीसी सदस्य के मृत्यु से रिक्त हुए पदों के उप चुनाव प्रक्रिया में मंगलवार को पांच दावेदारों ने ताल ठोकी। रिक्त पदों के लिए छह सितंबर को मतदान होगा। आठ सितंबर को मतगणना होगी। मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी डॉ. पीके सिंह की देखरेख में प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। विकास खंड नेवादा के ग्राम पंचायत कोटिया के प्रधान आजाद सिंह व क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 55 कादिरपुर नेवादा अशोक सेन की मृत्यु से रिक्त पदों पर उप चुनाव होना है। सहायक निर्वाचन अधिकारी अनिल त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत कोटिया प्रधान पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने, बीडीसी सदस्य पर एक प्रत्याशी एवं पंचायत सदस्य के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किए। ग्राम पंचायत कोटिया प्रधान की मृत्यु के बाद प्रधान पद खाली हुआ था। क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या 55 पर एक नामांकन हुआ। कादिरपुर नेवादा निवासी बीडीसी अशोक सेन की मृत्यु होने से पद खाली हुआ था। यहां से मृतक पत्नी सुषमा देवी ने नामांकन पत्र जमा किया। वार्ड नं 10 घोषिया ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए एक नामांकन-पत्र अंकुश पांडेय ने दाखिल किया है। शाम करीब चार बजे ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए रामप्रकाश सरोज आवेदन करने पहुंचे तो कर्मचारियों ने आवेदन लेने से इनकार कर दिया। साथ ही बताया कि समय सीमा समाप्त हो चुकी है। अब उनका आवेदन नहीं लिया जाएगा।

## चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के साक्षी बने रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्र-छात्राएं

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन .डी. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज , कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं केपीएस भीटी के छात्र-छात्राओं ने आज चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा और इसरो के इस सफल अभियान के साक्षी बने.बता दें कि 14 जुलाई को इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के तीसरे संस्करण को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करना है, जिससे चंद्रमा की दुर्लभ तस्वीरें और जानकारी प्राप्त हो सकेगी इसरो ने ट्वीट किया 'चंद्रयान को चंद्रमा की सतह के नजदीक लाने की प्रक्रिया शुरू की गई प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 की कक्षा घटकर 150 किमी ७ 177 किमी रह गई है।' उसने बताया कि अगली प्रक्रिया को 16 अगस्त को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अंजाम दिए जाने की योजना है। इसरो ने अभियान के आगे बढ़ने पर चंद्रयान-3 की कक्षा धीरे-धीरे घटानी शुरू की तथा उसे चंद्र ध्रुव के समीप लाने की प्रक्रियाओं को अंजाम दिया। इसरो के सूत्रों के अनुसार, अंतरिक्ष यान को 100 किमी की कक्षा तक पहुंचाने के लिए एक और प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा जिसके बाद लैंडर और रोवर से युक्त ह्यलैंडिंग मॉड्यूल आगे की प्रक्रिया के तहत प्रॅपल्शन मॉड्यूल से अलग हो जाएगा। इसके बाद, लैंडर के डीबूस्ट धीमे होने की प्रक्रिया से गुजरने और 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर ह्यसॉफ्ट लैंडिंगह्न करने की उम्मीद है।100ङट ऑर्बिट के बाद अलग हो जाएगा लैंडिंग मॉड्यूल इसरो के सूत्रों के अनुसार, अंतरिक्ष यान को 100 किमी की कक्षा तक पहुंचाने के लिए एक और प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा जिसके बाद लैंडर और रोवर से युक्त ह्यलैंडिंग मॉड्यूलह्न आगे की प्रक्रिया के तहत ह्यप्रॅपल्शन मॉड्यूलह्न से अलग हो जाएगा। इसके बाद, लैंडर के ह्यडीबूस्टह्न धीमे होने की प्रक्रिया से गुजरने और 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर ह्यसॉफ्ट लैंडिंगह्न करने की उम्मीद है आज 23 अगस्त को वह दिन आ गया। जिसमें चंद्रयान 3 ने सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग किया संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह भारत देश के लिए एक गौरव का क्षण है ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें हर भारतीय को अपने भारतीय होने के गर्व का एहसास हो रहा होगा। सॉफ्ट लैंडिंग होते ही रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्र-छात्राओं ने करतल ध्वनि से भारत माता की जय का उद्घोष किया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त किया इस अभूतपूर्व क्षण के दौरान रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस भीटी प्रिंसिपल प्रकाश दीपक खरवार सौरभ सिंह नितेश कुलदीप पाल शशांक श्रीवास्तव हिमांशु पांडे आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं उपस्थित रहे।

## सेंध काटकर विधवा महिला के घर से एक लाख की जेवर नगदी उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

**कुछ महीने पहले कई दुकानों घरों में चोरी की घटनाओं का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा में गांव में बीती रात विधवा महिला के घर में दीवाल में सेंधकर भीतर घुसे चोर बक्से में रखा सोने चांदी का जेवर और नगदी रुपए सहित एक लाख का सामान उठा ले गए हैं घटना की जानकारी विधवा महिला को सुबह हुई है घर में चोरी की घटना देखने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग भी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना विधवा महिला ने पुलिस को दिया है कुछ महीने पहले इलाके के कई घर और दुकानों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा अभी तक पुलिस नहीं कर सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव में विधवा रामपति पत्नी स्व. सुखराम अपनी बहू आशा देवी के साथ घर मे रहती है विधवा का बेटा अशोक गौतम रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई में मजदूरी करता है। मंगलवार की रात सास और बहू खाना पीना कर घर के कमरे में सो गई। सुबह उठी तो देखा कमरे का सामना बिखरा हुआ पड़ा था घर के पीछे की दीवार में सेंध काटकर घर के भीतर घुसे चोर कमरे में रखा बक्सा घर के बाहर खेत मे उठा ले गए बक्से को तोड़ कर उसमें रखा बीस हजार नगद और एक चांदी की छागल एक बिछुआ वजन लगभग 700 ग्राम और सोने की लाकेट वजन लगभग 6 ग्राम निकलने के बाद गांव के बाहर संदीप पाल के खेत में बक्सा फेक कर चोर फरार हो गए बताया जाता है नगदी जेवर सहित 1 लाख का सामान ले जाने में चोर सफल हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे में नहीं पहुंची है इसके कुछ महीने पहले भी इलाके के कई दुकानों घरों में चोरी की घटनाओं को चोर गिरोह के सदस्य अंजाम दे चुके हैं लेकिन किसी भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है घटनाओं के बाद पुलिस मामले के खुलासे में तनिक भी दिलचस्प नहीं दिखाई पड़ रही है जिससे इलाके में लोगों में दहशत का माहौल ब्याप्त है।

## पीएनसी कंपनी के मजदूर की हत्या नाले में मिला शव

अखंड भारत संदेश

**हत्यारों ने हत्या कर पीएनसी नाले में कंक्रीट की बोरी रखकर की निर्मम हत्या, क्षेत्र में मची सनसनी,पुलिस जांच में जुटी**

**पुलिस के सामने मृतक की पत्नी ने पी एन सी के कर्मचारी को पीटते हुए हत्या का लगाया आरोप,वीडियो वायरल**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अटसराय गांव सभा के पी एन सी गोदाम नाले में बुधवार दिन दहाड़े शव मिलने से हड़कंप मच गया शव से जमकर दुर्गंध आ रही थी शव के सिर में गंभीर चोट के निशान और लाश पर कंक्रीट बोरा पड़ा मिला है शव मिलने की सूचना से ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई सूचना पर मौके पर सर्किल आफिसर सिराथू फोरेंसिक टीम के साथ भारी मात्रा में पुलिस पहुंची है युवक के शव को नाले से निकलवाकर कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में पुलिस जुट गई है युवक की शिनाख्त रामचंद्र 30 वर्ष पुत्र स्व. लल्लू के रूप में हुई है शव को कब्जे में लेते समय मृतक की पत्नी ने पी एन सी के कर्मचारी पर थप्पड़ की बरसात करते हुए हत्या का आरोप लगाया है।मृतक मजदूर की पत्नी अनुराधा ने बताया कि उसका पति बीते कल शाम 4 बजे घर से गायब हुआ था।मृतक रामचंद्र कुछ दिनों से पी एन सी में मजदूरी करता था।वहीं ग्रामीणों के अनुसार अनुराधा के पहले पति कल्लू की मौत के बाद अपने देवर रामचंद्र के साथ शादी कर ली थी मृतक के 3 बच्चे हैं बड़ा पुत्र लगभग 10 वर्ष एवम 2 छोटी पुत्रियां उम्र लगभग 6 वर्ष और 3 वर्ष है। रामचंद्र की हत्या से महिला और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

## दर्शन कर वापस लौट रही आठ महिलाएं सड़क हादसे में घायल

अखंड भारत संदेश

**जौनपुर से शीतला धाम कड़ा दर्शन करने आए थे दर्जनों लोग**




**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह 10 बजे दर्शन कर वापस लौट रहे भक्तों की ऑटो सामने से आ रही बोलेरो से टकरा गई है इस हादसे में महिला पुरुष सहित आठ लोग घायल हो गए हैं सूचना पाकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस भी बचाव एवं राहत के कार्य में लग गई है घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है सभी घायल जौनपुर जनपद के रहने वाले बताए जाते हैं। जौनपुर जनपद के बनेवरा रामनगर की रहने वाली निशा सिंह पत्नी धर्मेंद्र सिंह, पुष्पा सिंह पत्नी अखिलेश, शिवकुमारी सिंह पत्नी ब्रह्म देव, रेनू पटेल पुत्र घनश्याम पटेल, शशि बाला पत्नी राजेंद्र सिंह, इंद्रावती पत्नी नन्द लाल सिंह, बसंती पत्नी तेज बहादुर सिंह, संगोत्री पत्नी राम आधार सिंह, दुर्गावती पत्नी अवध बिहारी एक गाव की महिलाए कड़ा धाम स्थित शीतला माता का दर्शन करने के लिए बुधवार की सुबह ऑटो में सवार होकर कड़ा धाम गयी थी दर्शन पूजन करने के बाद सभी शीतला माता के भक्त ऑटो में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे जैसे ही ऑटो कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव के पास पहुंची अचानक मंझनपुर की तरफ से आई तेज रफ्तार बोलैरो गाड़ी ने साइड से आटो मे टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आटो सड़क में तीन बार पलट गया जिससे ऑटो में सवार सभी महिलाएं घायल हो गई मौके पर चीख पुकार मच गई हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए दुर्घटना के बाद बोलैरो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल सभी लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है आटो सवार महिला शिव कुमारी सिंह ने बताया कि वह सभी आटो मे बैठ कार प्रयागराज जा रही थी। अचानक बुलेरों गाड़ी वाला बड़ी तेजी से आकार आटो मे साइड से टक्कर मार दिया। जिससे आटो 3 बार

## चलती ट्रेन से गिरा युवक,रात भर बारिश में भीगता पड़ा रहा

**सुबह ग्रामीणों ने देखा तो एंबुलेंस से भेजा अस्पताल**

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन के चमन्धा गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर देर रात किसी ट्रेन से एक युवक गिर गया सारी रात बारिश में युवक रेल लाइन के पास पड़ा रहा सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी,सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस से ग्रामीणों ने घायल युवक को अस्पताल भेजा,घायल युवक अपना नाम पता नही बता पा रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के चमंधा गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर मंगलवार की रात्रि एक युवक किसी ट्रेन से रेल लाइन पर गिर गया,सारी रात बारिश होती रही जिससे रेल लाइन पर गिरे युवक को कोई देख नहीं सका सुबह शौच और खेतों की तरफ निकले ग्रामीणों ने घायल युवक को देखा तो मौके पर पहुंचे लोगो ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी,एंबुलेंस आई तो घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया काफी प्रयास के बाद युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है युवक अपना नाम और पता नही बता पा रहा है।

संपादक की कलम से

# वात्सल्य पीठ सुखद शांति एवं अध्यात्म का नीड़ होगा

**साधना** से मुक्ति और मोक्ष की आस में आस्था का प्रवाह यहां उमड़ता-घुमड़ता है। राजधानी दिल्ली की भीड़भाड एवं हलचल के बीच यह वही कोना है जहां आकर एक विलक्षण एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने चीर निद्रा पायी। उनकी स्मृतिभूमि अब वात्सत्यपीठ के रूप में आकार ले रही है, जिसका शिलान्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत 27 अगस्त, 2023 को करने जा रहे हैं। संवेदनहीनता एवं संकीर्णताओं के बीच एक आस गूंजती है, यह आस है वात्सल्य की, करुणा की, संवेदनाओं की। इसी आस में निहित है जीवन का वास्तविक संगीत, जीवन का वास्तविक अर्थ। जिनके कारण हम है, हमारा अस्तित्व है, इसी में समाया है मोक्ष एवं मुक्ति का सुख। जहां आकर संबुद्ध हुआ जा सकेगा, ध्यानी हुआ जा सकेगा। यह वही मिट्टी है जिसकी खूशबु में महकेगी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा की अनगिन वात्सल्य कथाएं।

लगभग सात दशकों से साधना भूमि बने अध्यात्म साधना केन्द्र के जर्रे-जर्रे में महकती है, गूंजती है इबादतें, प्रार्थनाएं एवं आध्यात्मिकता की स्वर रश्मियां। अब इसमें जुड़ रहा है एक नया आयाम वात्सल्य पीठ के रूप में। इक्कीसवीं सदी तो महिलाओं के वर्चस्व की सदी मानी जाती है। उन्होंने विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। अध्यात्म के क्षेत्र में भी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा ने एक छलांग लगाई और जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी। अध्यात्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध इस महान विभूति ने, चैतन्य रश्मि ने, आध्यात्मिक गुरु ने, वात्सल्य ऊर्जा ने जैन धर्म के प्रमुख तेरापंथ संप्रदाय में 19 वर्ष की उम्र में दीक्षित होकर राष्ट्रसंत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी की महनीय कृति के रूप में लोकप्रियता पायी थी। जैसे कृष्ण-प्रेम में मीरा दीवानी हुई, वैसे ही तुलसी-भक्ति में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने भक्ति एवं सृजन का सन्देश दिया, वात्सत्य प्रतिमूर्ति बन 750 साध्वियों का नेतृत्व किया और स्त्री-चेतना की सशक्त आवाज बनी। सात सौ साध्वियों के परिवार को संभालना दुनिया का बड़ा आश्चर्य है, यह आश्चर्य तब और बड़ा हो जाता है जब इसमें स्नेह एवं वात्सल्य समाया हो, इसीलिये साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के स्मृति स्थल को वात्सल्य पीठ के रूप में विलक्षण आध्यात्मिक शक्ति केन्द्र बनाया जा रहा है, जो एक स्वप्न, एक कल्पना का यथार्थ होगा, जहां की बहुआयामी एवं अलौकिक आध्यात्मिक छटाएं अपने नाम की सार्थकता सिद्ध कर रही होगी।

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यों के निर्देशन में तेरापंथ के विशाल साध्वी संघ का नेतृत्व करने वाली संघ महानिर्देशिका और महाश्रमणी को आचार्य महाश्रमण ने शासनमाता एवं असाधारण साध्वीप्रमुखा के महनीय संबोधनों से संबोधित किया। उनकी स्मृति-स्थल को वात्सल्य पीठ का नाम दिया, जो अब एक विलक्षण, अद्भुत एवं अपूर्व आध्यात्मिक स्थल बनने जा रहा है। इस अनूठे आध्यात्मिक स्थल को आकार देने की जिम्मेदारी श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली को दी गयी है।

# भाजपा व ममता की नजर मुस्लिम वोट पर

अशोक भाटिया





**जब-जब** पश्चिम बंगाल में चुनाव होते हैं, सभी पार्टियों की नजरें दो समुदायों पर टिक जाती हैं। मुस्लिम और मतुआ। बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम वोटर्स हैं और 15 फीसदी मतुआ। हम बात यहां मुस्लिम वोटर्स की करेंगे क्योंकि इस बारी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा मुस्लिम वोट बैंक को साध रही है। हाल ही में हुई भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकताओं और राज्य के नेताओं को खास निर्देश मिले हैं कि जनता के बीच केंद्र की उन स्कीमों के बारे में बताए जो वंचित और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए शुरू की गई हैं। भाजपा इस बार बंगाल चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही वजह है कि राज्य के नेता मुस्लिम बहुल इलाकों में रैलियां करके ममता के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव पर फोकस करने की बात कही थी। कार्यकताओं से बंगाल के वंचित समुदायों और खासकर अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का केंद्र की स्कीम पहुंचाने और जागरुक करने आग्रह किया था। भाजपा नेता पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम वोट बैंक को साधने में जुटे हैं।भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष का कहना है कि पश्चिम बंगाल में 30% अल्पसंख्यक आबादी है। आजादी के 75 साल बाद, जब देश अमृत महोत्सव मना रहा है, तो अल्पसंख्यक समुदाय को क्या मिला? इसलिए इस आबादी को मुख्यधारा में लाना बेहद जरूरी है। भाजपा नेता अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में रैली कर टीएमसी के वोट बैंक में सेंध करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष का मानना है कि अगर 30% आबादी वंचित है और वे मुख्यधारा में नहीं आते हैं, तो पश्चिम बंगाल राज्य कैसे प्रगति करेगा? गरीबों के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कई योजनाएं शुरू कीं जिनमें से अल्पसंख्यक समुदायों को इतना लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लूट हुई तो अल्पसंख्यक समुदाय को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में उन्हें इससे वंचित रखा गया है। लाभ इसलिए नहीं मिल पा रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बाधा बनी हुई हैं। भाजपा के राज्य नेताओं ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम समुदाय को विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए कृषक सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में, बॉलीवुड अभिनेता से राजनेता बने मिथुन चक्रवर्ती, जो भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य हैं, ने दक्षिण 24 परगना जिले में कई सार्वजनिक रैलियों को संबोधित किया जो अल्पसंख्यक बहुल है और सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। उन्होंने लोगों से पंचायत चुनावों में भाजपा को वोट देने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्र की मुहिम से ममता सरकार को नुकसान हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा कभी भी अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ नहीं रही है। उनका कहना है कि भाजपा के खिलाफ एक नैरेटिव तैयार किया गया है। हम मुस्लिम भाइयों का कल्याण चाहते हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का मानना है कि आपने (अल्पसंख्यक समुदाय) किसे सत्ता में लाया है? 100 में से कम से कम 95 ने ममता बनर्जी को वोट दिया है। देखिए, आपने किसे सत्ता में लाया है? आपको करना होगा। जमीनी स्तर पर काम करो और ममता बनर्जी को सत्ता से हटाओ। वैसे लोकनीति और सीएसडीएस के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो भारतीय जनता पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक बढ़ने की शुरूआत 1998 से शुरू हो गई थी। जहां 1996 में भाजपा को मात्र 2 परसेंट मुस्लिम वोट मिला था। वहीं 1998 में वह तीन गुना यानी 6 परसेंट पहुंच गया था। इसके बाद 1999 और 2004 में एक फीसद बढ़कर यह 7 परसेंट तक पहुंच गया था। 15वीं लोकसभा में यह घटकर 4 परसेंट पर आ गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में चुनाव में उतरने वाले नरेंद्र मोदी जिनकी छवि विपक्ष ने मुस्लिम विरोधी की बना रखी थी, के आने के बावजूद 16वीं लोकसभा यानी 2014 में भाजपा को मुस्लिमों का 9 परसेंट वोट मिला। यह पिछली बार की तुलना में दोगुना से अधिक रहा। मुस्लिम वोटरों की वृद्धि 17वीं लोकसभा में भी जारी रही। चुनाव की तैयारी में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी भी लगी हैं। ममता की नजर मुस्लिम वोट बैंक पर ही ज्यादा है। सोमवार को ममता बनर्जी की सरकार ने कोलकाता में इमाम और मुअज्जिनों का सम्मेलन किया जिसमें पूरे राज्य से अल्पसंख्यकों के नेता जुटे। इस मौके पर ममता ने इमामों की तनख्वाह में हर महीने 500 रुपये की बढ़ोत्तरी का ऐलान किया। इसके साथ साथ ममता ने कहा कि उनकी सरकार पुजारियों का भत्ता भी 500 रुपये महीने बढ़ाएगी। अब बंगाल में इमामों को तीन हजार रुपये और पुजारियों को 1500 रुपये हर महीने मिलेंगे। पुजारियों और इमामों की तनख्वाह में इजाफे के ऐलान के बाद ममता ने भाजपा पर मुसलमानों से नफरत करने का इल्जाम लगाया। ममता ने कहा कि अल्पसंख्यकों को, खासतौर पर मुसलमानों को भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि भाजपा के कुछ नेता, कई अल्पसंख्यक नेताओं को पैसे देकर बंगाल का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ममता ने ये भी कह दिया कि बंगाल के लोगों को प्रधानमंत्री और कांग्रेस से भी बचकर रहना चाहिए क्योंकि भाजपा , प्रधानमंत्री और कांग्रेस आपस में मिले हुए हैं। इसके बाद ममता बनर्जी का सिविल कोड, और सीएए की बात करती है । ममता बनर्जी का कहना है कि वो बंगाल में इस तरह के कानून किसी कीमत पर लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा, मैं फुरफुरा शरीफ के मौलाना का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं आपसे भी ये उम्मीद करती हूं कि आप राजनीति में नहीं पड़ेंगे। क्या बेलूर मठ किसी राजनीतिक विवाद में पड़ता है? जब कोई धार्मिक स्थल किसी सियासी मामले में पड़ता है तो उससे उस धर्मस्थान का नाम नहीं बढ़ता, उनका अपयश होता है। मैं अपना धर्म अपने माथे पर लिखकर नहीं चलती। मेरा धर्म मेरे दिल में है। मेरा धर्म मेरे मन में है। मेरे प्राण में है। ममता भाजपा का नाम लेकर मुसलमान को डराएं, इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। ममता ने बंगाल के लोगों से कहा कि भाजपा , सी.पी.एम. और कांग्रेस आपस में मिले हुए हैं। अब लोग पूछ सकते हैं कि ममता तो पटना और बैंगलोर में दो-दो बार कांग्रेस और सी.पी.एम. के नेताओं के साथ मीटिंग कर चुकी हैं, मोदी के खिलाफ जो गठबंधन बना है, उसमें ममता के साथ राहुल गांधी और सीताराम येचुरी भी शामिल हैं। तो फिर बंगाल में सी.पी.एम. और कांग्रेस भाजपा की मदद क्यों करते हैं? इसका जवाब ममता ही दे पाएगी । गौरतलब यह भी है कि भाजपा व ममता को मात्र 3 साल पहले बने नए दल आईएसएफ से भी उसे कांटे की टक्कर मिल सकती है। अभी हाल में समाप्त हुए पंचायत चुनाव में आईएसएफ ने 300 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा व ममता के माथे पर बल ला दिया था। खासकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में टीएमसी को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। आईएसएफ की अब उर्दू के साथ-साथ बंगाली भाषी मुस्लिमों पर अच्छी पकड़ बन गई है। भाजपा और ममता के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में यह पार्टी वजूद में ही नहीं थीं। टीएमसी को उस चुनाव में 70 परसेंट के करीब मुस्लिम वोट मिला था और उसने 42 में से 24 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब आईएसएफ के चुनाव में उतरने के बाद निश्चित तौर मुस्लिम वोटों का बंटवारा होगा। ऐसी स्थिति से निपटना भाजपा व ममता के लिए लोहे के चने चबाने के समान होगा। अगर हाल में हुए पंचायत चुनाव पर नजर डाली जाए तो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र भानगर, 24 परगना दक्षिण और उत्तर में आईएसएफ की मजबूत पकड़ है। उसने इन इलाकों में 300 से अधिक पंचायत सीटें हासिल कर अपनी ताकत दिखाई है। इतना ही उसने 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में भी एक सीट भानगर की जीती थी। भाजपा व ममता को आगामी चुनाव की तैयारी में आईएसएफ की पकड़ पर भी ध्यान देना होगा।

# चलो दिलदार चलो चाँद के पार चलो, हम हैं तैयार चलो

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**कल** भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है जब चंद्रयान-3 चाँद पर सफलता पूर्वक अपने कदम रखेगा। वर्षों से इस मून मिशन पर लगे कई वैज्ञानिक हजारों आशंकाओं के प्रश्न रूपी भंवर में उलझे हुए हैं । देश में जगह-जगह लोगों ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए यज्ञ-हवन प्रारंभ कर दिये हैं । 615 करोड़ की लागत से तैयार हुआ ये मिशन करीब 50 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग करेगा। चंद्रयान-3 की लैंडिंग की ज़िम्मेदारी महिला वैज्ञानिक ऋतु करिधाल को सौंपी गई है। ध्यान रहे जब चंद्रयान 2 को सफलता नहीं मिली थी तो पीएम ने अपने संबोधन में कहा था कि इस असफलता ने हमारे संकल्पों को और मजबूत बना दिया है। उन्होंने कहा था कि आज भले ही हम चंद्रमा की सतह पर अपनी योजना से नहीं जा पाए, लेकिन हमारा अगला प्रयास सफल होगा और उसके आगे के सारे प्रयास सफल होंगे। तत्कालीन इसरो प्रमुख के. सिवन का हौसला बढ़ाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हम भविष्य में निश्चित रूप से सफल होंगे। चंद्रयान-2 का चांद पर उतरने से ठीक पहले संपर्क टूट गया था , जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया। पीएम ने इसरो के कंट्रोल सेंटर से शनिवार सुबह इसरो के वैज्ञानिकों को और देश को संबोधित करते हुए कहा था कि हम निश्चित रूप से सफल होंगे, इस मिशन के अगले प्रयास में भी और इसके बाद के हर प्रयास में भी कामयाबी हमारे साथ होगी। यह उत्साहवर्धन ही आज चंद्रयान-3 की सफलता के लिए सर्वाधिक मजबूत कदम व गारंटी दिखाई पड़ता है । वरिष्ठ महिला वैज्ञानिक ऋतु करिधाल चंद्रयान 3 की मिशन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका निभा रही हैं । चंद्रयान 2 और 3 मिशन के बीच सबसे स्पष्ट अंतर दोनों चंद्रमा मिशनों का नेतृत्व करने वाले लोगों का लिंग है। चंद्रयान -2 मिशन में दो महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, परियोजना निदेशक एम. वनिता और मिशन निदेशक रितु करिधल श्रीवास्तव ।

बुधवार सायंकाल लगभग 6 बजे के आसपास भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपने मून मिशन के अंतर्गत पहला कदम रखकर विश्व पटल पर इतिहास रचने जा रहा है । निसंदेह! भारत से पहले रूस, अमेरिका व चीन भी चाँद पर अपने यान भेज चुके हैं किंतु चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर आज तक कोई भी देश अपना यान नहीं भेज सका क्योंकि यहां कई बार तापमान माइनस 249 डिग्री तक हो जाता है । यहां पहुंचने केमिशन अधिकतर असफल होने की संभावना रहती है । चंद्रयान-3 भारत का तीसरा मून मिशन है जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के अगले अध्याय को शुरू करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता हमें चांद के बारे में गहनता से विस्तृत जानकारी देगी। इसमें चंद्रयान-2 के समान एक लैंडर और एक रोवर होगा किंतु इसमें ऑर्बिटर नहीं होगा। अभी तक के अध्ययन के अनुसार चाँद पर पानी की खोज नहीं हो सकी है और न ही यहां हवा है और न ही ऑक्सीजन । जीवन के लिए आवश्यक तत्व क्या हो सकते हैं , इसकी पड़ताल करने के लिए ही विक्रम लैंडर चाँद पर उतरने जा रहा है । भारत का चंद्रयान-3 इसरो के वैज्ञानिकों की कठोर परिश्रम व करोड़ों लोगों की शुभकामनाओं के चलते सफलतापूर्वक उतरकर विज्ञान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में भारत की धाक जमाने वाला है। इसरो ने एक बार फिर अपनी क्षमता और समर्थन का परिचय दिया है। चंद्रयान-3 तय रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने नया अपडेट दिया है कि चंद्रयान-3 बुधवार 23 अगस्त सांय 6 बजे के लगभग उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है । लैंडिंग से पहले, विक्रम लैंडर ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर के साथ संचार स्थापित किया। यह कनेक्शन महत्वपूर्ण है क्योंकि चंद्रयान-3 एक से अधिक तरीकों से इसरो के मुख्यालय से जुड़ा है।

3 लैंडिंग मॉड्यूल में विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर शामिल हैं। दूसरा डीबूस्टिंग ऑपरेशन 20 अगस्त को प्लान किया गया था। चंद्रयान-3 अपनी गति को धीमी करते हुए चांद के सबसे करीबी ऑर्बिट में दाखिल हो गया है। इस साल 14 जुलाई को लॉन्च किया चंद्रयान-3 मिशन भारत के मून मिशन का फॉलो-अप है। रविवार सुबह तक चंद्रयान-3 चांद की सतह से महज 25 किलोमीटर दूर था। लैंडर मॉड्यूल की 23 अगस्त 2023 को शाम करीब 6 बजे चांद की सतह पर उतरने की पूरी संभावना है। फिर भी यदि वैज्ञानिकों ने विक्रम लैंडर को 23 अगस?त बुधवार को चंद्रमा की सतह पर उतारने में कोई असुविधा महसूस की तो इसकी लैंडिंग को 3-4 दिन आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

# हटो हटो ! है भारत से आया प्रज्ञान

विवेक रंजन श्रीवास्तव

हरिशंकर परसाई के समय में गणतंत्र ठिठुर रहा था । विपक्ष की माने तो भले ही गणतंत्र के लिये नया संसाद भवन बनवा दिया गया है पर आज भी गणतंत्र ठिठुर ही रहा है। बुंदेलखण्ड की लोकभाषा में दुनियांभर में हनुमान जी के नाम प्रताप का डंका पीट रहे एक युवा सास्त्री जी तो प्रेम से चाहे जब चाहे जिसकी ठठरी बांधने को उद्यत रहते हैं । वे गणतंत्र की ठठरी बांधकर देश को कुछ दूसरे ही रूप में बदलने की कल्पना करते हैं । खैर । व्यंग्य पुरोधा परसाई आज होते तो सौ बरस के होते । भारत का चंद्रयान तो अब चंदा के चक्कर लगा रहा है पर व्यंग्य की ताकत देखिये ,परसाई ने उनके अपने जमाने में ही उनके चर्चित कहानी संग्रह ठिठुरता हुआ गणतंत्र के राकेट से इंस्पेक्टर मातादीन को चांद पर पहुंचा दिया था । पोलिस महकमें में मातादीन को शार्ट नेम एम. डी. साब के रूप में जाना जाता था । स्वयं विज्ञान के अध्येता न होते हुये भी परसाई जी ने व्यंग्य कहानी इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर के रूप में युगदृष्टा विज्ञान कथा व्यंग्य लिखा था। वैज्ञानिक कहते हैं, चाँद पर जीवन नहीं है । सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर मातादीन कहते हैं- वैज्ञानिक झूठ बोलते हैं, वहाँ हमारे जैसे ही मनुष्य की आबादी है। विज्ञान ने हमेशा इन्स्पेक्टर से मात खाई है। फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ कहता रह जाता है कि छुरे पर पाए गए निशान आरोपी की अँगुलियों के नहीं हैं पर यदि कोई भी इंस्पेक्टर ठान ले तो मुलजिम को सजा दिलाये बिना नहीं रहता। इंस्पेक्टर मातादीन मानते हैं, दरअसल ये वैज्ञानिक केस का पूरा इन्वेस्टीगेशन नहीं करते। उन्होंने चाँद का उजला हिस्सा देखा और कह दिया, वहाँ जीवन नहीं है। मैं चाँद का अँधेरा हिस्सा देख कर आया हूँ। वहाँ मनुष्य जाति है। यह बात सही है क्योंकि मातादीन ही नहीं सारे इंस्पेक्टर अँधेरे पक्ष के माहिर माने जाते हैं। वे वह सब देख सकते हैं जो आम तौर पर नहीं दिखता । वे ए आई नहीं , पी आई दक्ष होते हैं पी आई मतलब प्रैक्टिकल इंटेलीजेंस। मुझे प्रसन्नता है कि इंस्पेक्टर मातादीन के रिटायर होने से पहले ही इस दफे चांद पर दक्षिणी ध्रुव के अंधेरे हिस्से में ही विक्रम की लैंडिग करवाने का फैसला वैज्ञानिको ने लिया है। वास्तव में इस चंद्रमिशन की सफल उपलब्धि का श्रेय परसाई वाले इंस्पेक्टर साहब को ही जाता है।

व्यंग्य बिरादरी में परसाई के ध्वज वाहक होने के चलते मुझे संशय नहीं है कि इस प्रोजेक्ट के वैचारिक प्रणेता इंस्पेक्टर मातादीन ही हैं । बकौल मातादीन चांद पर आबादी है । इस आबादी को कोई चोट न पहुंचे, इसका ध्यान रखते हुये ही विक्रम की साफ्ट लैंडिंग करवाने के प्रयास वैज्ञानिक कर रहे हैं । मातादीन की हिदायत है कि इसरो ऐसा काम करे कि सारे अंतरिक्ष में डिपार्टमेंट की जय-जयकार हो ! पीएम इसे १४० करोड़ भारतीयो की जयकार बता सकें । जब १४ जुलाई को काउंट डाउन के तीन दो एक जीरो होते ही आग उगलता राकेट आकाश में बढ़ चला था तो सबके साथ मेरी आंखे भी खुशी के आंसुओ से छलक आई थीं । राकेट की फ्रंट सीट पर विक्रम की गोद में बैठा नन्हां प्रज्ञान कौतूहल से नीले नभ को पार करता अंतरिक्ष से धरती की परिक्रमा करते हुये , फिर धरती से चांद की अंतरिक्ष यात्रा कर चुका है और अब चांद की परिक्रमा करते हुये अपनी प्रपल्शन यूनिट को उतार कर विक्रम अकेला ही रोवर प्रज्ञान को संभाले चांद पर साफ्ट लैंडिंग की तैयारी में है।

मेरी मंगल कामना है कि निष्कंटक, निर्बाध रूप से तय कार्यक्रम के अनुसार विक्रम की सुरक्षित लैंडिग हो, छुटकू रोवर प्रज्ञान बाहर निकले ऐसी सर्च , रिसर्च करे कि गर्व से हम सबकी छाती इतनी तने कि देश वासियों के शर्ट के बटन ही टूट जायें।

# पिछड़ा स्पेन तो फुटबॉल में बढ़ गया, भारतीय महिला कब ?

के. विक्रम राव

**भारत** में महिला फुटबॉल टीम कब विश्व-स्तर पर खेल पाएगी ? यह सवाल मसला बन गया है जब कल (21 अगस्त 2023) विश्व कप प्रतियोगिता में पिछड़े यूरोपियन राष्ट्र स्पेन ने अतिविकसित देश इंग्लैंड को पराजित कर दिया। भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम ने अभी तक विश्व कप और ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लिया। फीफा रैंकिंग के अनुसार भारतीय टीम की रैंकिंग 61 है। स्पेन की महिला टीम ने फीफा विश्व कप खिताब के मामले में अपने ही देश के पुरुष टीम की बराबरी कर ली है। पुरुष टीम ने एक ही बार विश्व कप 2010 में जीता था। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को बेशक हरा दिया। मैच का एकमात्र गोल स्पेन की कप्तान ओल्गा कारमोना ने 29वें मिनट में दागा था। टीम को चैंपियन बना दिया।



स्पेन की विश्वविजयी महिला फुटबाल टीम.



भारतीय टीम विश्व में कब बढ़ेगी ?

महिलाओं के फुटबॉल खेलने में एक गलत अवधारणा बाधक है। यही कि गर्भधारण में खेल से अड़चन आ जाती है। यह कोरी कल्पना है। इंग्लैंड में जहां महिला फुटबॉल बहुत लोकप्रिय हैं, जाने-माने खिलाड़ी मां बनी हैं। केटी चैपमन अभी 41 साल में मां बनी। बत्तीस-वर्षीया केसी जीन स्टोनी तो कोच भी बन गईं। अब तो हर गर्भवती फुटबॉलर 14 सप्ताह की छुट्टी की हकदार हैं। इसमें शिशु के जन्म के बाद कम से कम आठ सप्ताह की छुट्टी भी शामिल हैं।

कभी कुछ औपचारिक सुरक्षा के साथ गर्भावस्था और प्रसव का सामना करना पड़ता था, लेकिन जनवरी 2021 में पेश फीफा नियम मातृत्व अवकाश के लिए वैश्विक न्यूनतम मानक प्रदान करते हैं। महिला फुटबॉल खिलाड़ी अब गर्भावस्था या प्रसव के कारण उनके साथ हुये गलत व्यवहार का मामला फीफा डीआरसी (विवाद समाधान चैंबर) में ले जा सकती हैं। फीफा ने तीन साल पहले गर्भवती खिलाड़ियों की आर्थिक सुरक्षा और व्यवसायिक करियर को ध्यान में रखते हुए नए नियम बनाए थे। इसके तहत 14 हफ्ते की प्रसव अवकाश को मंजूरी दी गई थी। यह भी कि इस अवकाश के बाद फुटबॉल क्लब महिला खिलाड़ियों की वापसी में पूरा सहयोग करेंगे। इसी का नतीजा है कि फीफा वर्ल्ड कप 2023 में कुछ सुपरमॉम भी हिस्सा ले रही हैं। महिला फुटबॉल विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिकी फुटबॉल टीम में तीन ऐसी खिलाड़ी हैं, जो मां बनने के बाद मैदान पर आयी हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम एलेक्स मॉर्गन का है। चौतीस साल की एलेक्स अमेरिका की स्टार फुटबॉलर हैं। वो तीन फीफा वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं। दो बार विश्व कप जीतने वाली अमेरिकी टीम का हिस्सा रही हैं। वो तीन साल पहले मां बनी थीं और इस बार भी टूनामेंट में शिरकत कर रहीं। उनके अलावा क्रिस्टन डन और मिडफील्डर जूली अटर्ज भी शामिल हैं। मोर्गन का तो मानना है कि बेटी के जन्म के बाद एक खिलाड़ी के तौर पर वह अधिक समझदार हो गईं हैं। अब गौर कर लें तुलनात्मक रूप से कि स्पेन की महिला टीम ने ऐसा गजब कैसे ढाया जब विश्वकप में सबसे मजबूत इंग्लिश टीम को एक गोल से हराकर कप कब्जे में ले लिया। सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) के मैदान में स्पेन की यह जीत भारत के लिए काफी मायने रखती है। इस बात की तस्दीक भी की भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने। कल उन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम के सदस्यों की पराजय पर मेरी बेटियों को कहकर संबोधित करते संतावना भी बंधायी : अगली बार कप आप लोग जीत लेंगी। हालांकि उनका 57 सालों से सपना अधूरा ही रहा। सुनक ने लिखा : इंग्लैंड की पुरुष/महिला टीम 1966 के बाद से विश्वविजेता नहीं बनी है। फुटबॉलर हैरी केन समेत इंग्लैंड के सभी बड़े सितारे लायेनिस के नाम से मशहूर इंग्लैंड टीम को ऋषि सुनक ढाढ़स बंधा रहे थे। प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा : हमारी खिलाड़ियों ने महिला फुटबॉल के लिए एक स्थाई विरासत बनाई है, जिससे मेरी दोनों बेटियां कृष्णा और अनुष्का सहित इंग्लैंड की बाकी स्कूल बच्चियां भी प्रेरित हो रही हैं। सुनक ने ट्वीट में लिखा : आपने मैदान पर अपनी पूरी जान लगाई। ऐसा नहीं होना था, लेकिन आपने गेम चेंजर के रूप में अपनी विरासत पहले ही सुरक्षित कर ली है। हम सभी को आप पर बहुत गर्व है। भारत की तुलना में स्पेन बड़ा पिछड़ा राष्ट्र है, भले ही आधुनिक यूरोप का हो और हम पुरातन एशिया के। गत सदी में तानाशाह जनरल फ्रांसिस्को फ्रेंको (1939 से 1975 तक) ने तानाशाह बनाकर अपने देश का बेड़ा गर्क ही कर दिया था। यूरोप में स्पेन को बीमार, कमजोर, कंगाल कहा जाता था। वह एक छद्म-फासीवादी राज्य था। इस राष्ट्र में अंधों की भांति केवल मजबूत पुरुष-नेतृत्व की भूमिका की ही प्रशंसा होती थी। आज वहां की महिलाओं को सुरक्षा के साथ सारी रियायते दी जाती हैं। माहवारी के लिए प्रतिमाह तीन दिन का अवकाश भी। फुटबॉल के खेल को खूब प्रोत्साहित किया जाता है। वस्तुतः विश्व फुटबॉल फाइनल में भिड़ंत थी गुलाबझ्रतरुणियों बनाम शेरनियों में। स्पेन की महिला टीम को ला रोजा (गुलाब) और इंग्लैंड की टीम को लायेनस (बब्बर शेरनी) कहा जाता है। अर्थात कोमल और सुगंध ने दहाड़ तथा चिंघाड़ पर जीत हासिल की। यह केवल प्रतीकात्मक ही नहीं, सारगर्भित भी है। भारतीय महिला तो अरसे से वीरांगना कहलाती हैं। सिंहनी भी। फिर फुटबॉल खेलना क्या चीज है ?

# समाज कल्याण मंत्री ने की आशीष से वार्ता

## अखंड भारत संदेश की खबर का खासा असर-आदिवासियों की जमीन के नक्शे पर किसके आदेश से हो गया बटा, तहसील प्रशासन झाड रहा पल्ला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आइये हुजूर, .....दिखायें झांकी मानिकपुर की खबर को सूबे के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने गम्भीरता से लेते हुए विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता आशीष कोल से फोन पर भरोसा देते हुए कहा कि पाठा क्षेत्र के आदिवासियों की एक इंच भी जमीन कोई दबा नहीं सकता है। उन्होंने प्रशासन को भी टाइट करते हुए आशीष को न्याय का भरोसा दिया है।

ज्ञात है कि दैनिक अखंड भारत संदेश में आइये हुजूर, .....दिखायें झांकी मानिकपुर की खबर प्रमुखता से 23 अगस्त को छपी थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए सूबे के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता आशीष कोल से कहा कि उसके मामा बिरजा कोल, बुक्का कोल व संतलाल कोल की पांच-पांच बीघा टिकरिया में स्थित जमीन में एक इंच भी कोई दबा नहीं सकेगा। उन्होंने आशीष को भरोसा दिया कि उसके साथ



हर हाल में न्याय होगा। उसे कोई परेशान नहीं कर सकेगा।

मानिकपुर के तहसीलदार आलोकप्रताप सिंह ने भी आशीष कोल को बुलाकर कहा कि क्यों पत्रकारों के चक्कर में पडे हो। उसकी जमीन की नाप कल करा दी जायेगी। उन्होंने उसे जमीन के कागजात दुरुस्त कराने का भी भरोसा दिया। मजे की बात ये है कि टकरिया के आदिवासियों की जमीन के नक्शे में बटा डालकर मिला-जुला नम्बर कर विवादित कर दिया गया है। ये किसके आदेश से हुआ है, इसे लेकर तहसील में हडकम्प मचा है। सभी एक-दूसरे पर आरोप मढ रहे हैं। तहसील प्रशासन पल्ला झाड रहा है कि नक्शे में बटा कैसे व किसके आदेश से पड गया है। इस बात की छानबीन की जा रही है। मानिकपुर तहसील में जमीनों के मामले में भारी धांधली हो रही है। सरकारी जमीनों के नाम पर भूमिधरों को खासा परेशान किया जा रहा है। इसमें कुछ लोग भारी वसूली में भी जुटे हैं।

## एसपीसी के बारे में छात्राओं को सीओ यातायात ने किया जागरूक , तालमेल बनाकर छात्राओं को पुलिस कर रही निर्भय



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय ने यातायात प्रभारी मनोज कुमार की मौजूदगी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में छात्राओं के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को एसपीसी स्टूडेंट पुलिस कैडेट की बाबत जानकारी दी।

बुधवार को सीओ यातायात ने छात्राओं ने कहा कि यह एसपीसी कार्यक्रम पुलिस एवं छात्रों के बीच तालमेल को चलाया जा रहा है, ताकि छात्रा पुलिस से डरे नहीं, अपनी बात को पुलिस तक बेझिझक बताये। इससे समाज में होने वाले बाल अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

कार्यक्रम में छात्रों को पुलिस की कार्य प्रणाली की बाबत विस्तार से बताया गया। क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। कहा कि सभी लोग अपने घरों में परिजनों एवं रिश्तेदारों को यातायात नियमों का पालन करने को प्रोत्साहित करें, ताकि आये दिन होने वाले हादसों से बचा जा सके। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा वर्मा, टीएसआई शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## तुलसी गुफा में तुलसी को हुए थे भगवान राम के दर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तुलसी जयंती पर सिद्ध पीठ तुलसी गुफा तोता मुखी हनुमान मंदिर में तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखंड रामचरितमानस पाठ-हवन एवं भंडारा हुआ। दूर-दूर से आए भक्तों ने हजारों की तादाद में प्रसाद ग्रहण किया।

बुधवार को तुलसी जयंती पर तुलसी गुफा के महंत मोहित दास ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी सिद्ध पीठ तुलसी गुफा में तुलसीदास को संवत 1607 में भगवान श्रीराम के दर्शन हुए। आज भी तोतामुखी हनुमान के दिव्य दर्शन यहां होते हैं।



एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने तुलसी गुफा में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अश्वनी अवस्थी आदि मौजूद रहे। महंत दिव्यजीवन दास ने पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।

## तुलसी जयंती पर हुई विभिन्न प्रतियोगितायें

### छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की कर्मस्थली चित्रकूट में कर कमलों से स्थापित संस्थान श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में संचालित श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय ने श्री गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म उत्सव हर्षोल्लास से मनाया।

उल्लेखनीय है कि श्रावण शुक्ल सप्तमी को ही राजापुर में यमुना तट पर तुलसीदास का जन्म हुआ था। चित्रकूट से उनका विशेष लगाव रहा। यहां स्थित मन्दाकिनी तट पर उन्हें प्रभु राम का साक्षात्कार हुआ था। प्रतिवर्ष उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। ट्रस्ट से संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्रायें एवं आचार्यों की मौजूदगी में मन्दिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास का पूजन-अर्चन कर कालजयी रचना श्री रामचरितमानस की चैपाइयों पर अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं रामायण क्विज प्रतियोगिता सदगुरु सभागार में हुई।



छात्र-छात्राओं ने अंताक्षरी में हिस्सा लिया। विद्याधाम विद्यालय एवं रामसंस्कृत महाविद्यालय की टीम ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में विद्याधाम टीम प्रथम तथा सदगुरु कम्प्यूटर कालेज एवं राम संस्कृत महाविद्यालय की टीम संयुक्त द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रो श्याम सिंह गौड़, प्रो कमलेश थापक मुख्य निर्णायक रहे। सदगुरु शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान, प्राचार्य सुरेंद्र तिवारी, शंकर दयाल पांडेय, राकेश तिवारी, सुमन द्विवेदी व सदगुरु परिवार के लोग मौजूद रहे।

## टेढ़ी एवं सरयू नदी की खुदाई कर प्रवाह अविरल बनाया

**बहराइच।** टेढी एवं सरयू नदी (पुरानी) की खुदाई, सफाई तथा अविरल प्रवाह बनाये रखने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीपीआर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव व पयागपुर के दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि तहसील के लेखपालों से सर्वे कराकर नदियों के पुनरूद्धार कार्य से प्रभावित होने वाले कृषकों, सम्बन्धित ग्राम प्रधानों, खण्ड विकास अधिकारियों के साथ तहसील स्तर पर बैठक कर कृषकों की सहमति प्राप्त की जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा इस सम्बन्ध में अविलम्ब कार्यवाही की अपेक्षा के दृष्टिगत सर्वे तथा सर्वे के उपरान्त की जाने वाली कार्यवाही को शीर्ष प्राथमिकता के साथ सम्पन्न कराया जाय।

डीएम ने कहा कि गंगा नदी के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक कारणों के अद्वितीय महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त है। गंगा व सहायक नदियों का पुनरूद्धार करके इसे प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जिला गंगा समिति का गठन किया गया है। डीएम ने कहा कि गंगा नदी के पुनरूद्धार हेतु आवश्यक है कि गंगस की सहायक नदियों में भी जल का सतत पर्याप्त प्रवाह बना रहे इसके लिए टेढ़ी व सरयू नदी (पुरानी) का पुनरूद्धार अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

डीएम ने कहा कि तेजी से हो रहे शहरीकरण एवं औद्योगिकीकरण के कारण सीवेज, औद्योगिक बहिस्राव एवं अन्य प्रदूषकों के बढ़ने के कारण गंगा व उसकी सहायक नदियॉ गंभीर स्थिति में हैं वहीं, प्रतिस्पर्धी मॉग को पूरा करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, अवसंरचना विकास में वृद्धि के कारण सिंचाई, पेयजल आपूर्ति, औद्योगिक उपयोग एवं जल विद्युत के लिए गंगा नदी के जल की मॉग भी बढ़ रही है।

## श्रीकामदगिरि पीठम में धूमधाम से मना गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव

### भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए संत-महंत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोक मंगलकारी ग्रंथ श्री रामचरितमानस के रचयिता संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास महाराज के 526वें जन्मोत्सव पर श्रीकामदगिरि पीठम कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार ट्रस्ट श्री कामतानाथ मंदिर में भव्य शोभा यात्रा, व्याख्यान माला एवं विशाल भंडारा हुआ।

बुधवार को देश के विभिन्न जिलों से आए संत- महात्माओं, विद्वतजनों समेत जिले के साधु-संतों, गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। श्री कामदगिरि पीठम के अधिकारी संत मदनगोपाल दास महाराज ने तुलसीदास के विग्रह का पूजन-अर्चन किया। परिक्रमा पथ में दिव्य झांकियों से सुशोभित संकीर्तनमय शोभायात्रा निकाली। श्रीकामदगिरि पीठम के सत्संग भवन में गोस्वामी तुलसीदास पर संत विभूतियों एवं विद्वानों के व्याख्यान हुए। ब्रह्मचारी सनकादिक महाराज ने कहा कि वर्तमान में विधर्मी जिस तरह से प्रभु श्रीराम एवं श्रीरामचरितमानस जैसे पावन ग्रंथ पर अमर्यादित टिप्पणी करते दिखाई देते हैं, सब देख-सुनकर लगता है कि अब संत समाज को लंका कांड करना पड़ेगा, तभी अपने कालखंड में राम का राज्याभिषेक कर पाएंगे।

वाराणसी से आए मानस मर्मज्ञ डॉ नवल किशोर ने कहा कि सहिष्णुता से काम नहीं चलेगा। श्रीराम और श्रीरामचरितमानस पर विधर्मियों के कुबोल अब बर्दाश्त नहीं होंगे। सुपरिचित रामकथा वाचिका सुश्री नीलम गायत्री ने गोस्वामी तुलसीदास की महिमा पर मोहक छंद सुनाया। कहा कि द्वापर में एक ही वेदव्यास हुए थे, किंतु कलयुग में श्रीरामचरितमानस की रचना करके गोस्वामी तुलसीदास ने कोटि-कोटि व्यासों को प्रकट कर



दिया है। मुगलिया अत्याचार से मलिन मन में प्राण फूंक कर गोस्वामी जी ने सनातन धर्म को संरक्षित किया। अब जिम्मेदारी समाज की है। श्रीकामदगिरि पीठम के अधिकारी संत मदनगोपाल दास ने कहा कि सिंहस्त भूषण श्रीमहंत साकेतवासी प्रेमपुजारी दास महाराज ने श्रीकामदगिरि पीठम में 65 वर्ष पूर्व गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म महोत्सव शुरू किया था, जो प्रत्येक वर्ष अनवरत चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी कृत वांग्मय विग्रह श्रीरामचरितमानस जीवन की संहिता है। मानव में मानवता लाने को श्रीरामचरितमानस का परिवारों में पारायण होते रहना चाहिए। लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति से ग्रसित पीढ़ी को श्रीरामचरितमानस से जोड़ना जरूरी है, नहीं तो आने वाली पीढ़ी संस्कारित नहीं हो पाएगी और राष्ट्र में अपसंस्कृति बढ़ती जाएगी।

संत मदनगोपाल दास की अगुवाई में श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कराने को देशव्यापी हस्ताक्षर महा अभियान भी चलाया जा रहा है। व्याख्यान में दधिमुख श्रीहनुमान मंदिर के मास्टर जी, तिवारी जी महाराज, समाज चिंतक गोपाल भाई एवं शशि भूषण महाराज ने विचार रखे। महोत्सव में ब्रह्मचारी श्रीसनकादिक जी महाराज, महंत सीताशरण जी महाराज, माधव दास जी महाराज, सच्चिदानंद जी महाराज, ओंकार दास जी महाराज, नरसिंह नागा दास जी महाराज, रामजी दास जी महाराज, नंदकिशोर दास जी महाराज, मोहनदास जी महाराज, बालकदास जी महाराज समेत विभिन्न अखाड़ों, मठ मंदिरों के महामंडलेश्वर, महंत, साधू महात्मा, समाजसेवी, राजनेता मौजूद रहे।

## पुलिस ने 30 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रातप सिंह की अगुवाई में दरोगा अशोक सिंह ने नरेश पुत्र राजकुमार सोनकर निवासी बालमीकी नगर पश्चिमी को 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अशोक सिंह, सिपाही संजय सिंह यादव शामिल रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय की टीम ने वारंटी राजेश सोनकर पुत्र शिव नायक सोनकर निवासी गोसाई पुरवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय, सिपाही अंकित शुक्ला शामिल रहे।

## अयोध्या से चित्रकूट तक चलेगी ट्रेन: सांसद आरके सिंह पटेल, 28 अगस्त को ट्रेन का लोग करेंगे स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम के यात्रियों की सुविधा एवं पर्यटन विकास के मद्देनजर सांसद आरके सिंह पटेल ने अन्तर्राष्ट्रीय विश्व हिन्दु के संरक्षक दिनेश, दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अभय महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर मांग की थी कि प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट को जोड़ने को ट्रेन चलायी जाये।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने चित्रकूटधाम के साधु-संतों एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेल प्रशासन ने गाड़ी नं - 22129/22130 लोकमान्य तिलक टर्मिनल प्रयागराज जंक्शन तुलसी एक्सप्रेस द्विसप्ताहिक का अयोध्या कैन्ट तक का विस्तार कराया है। ये विस्तार लोकमान्य मिलक टर्मिनल से 27 अगस्त तथा अयोध्या कैन्ट 28 अगस्त से ट्रेन चलेगी।

चित्रकूटधाम से अयोध्या तक रेल सुविधा देने पर साधु-संतों एवं तीर्थ यात्रियों में भारी उत्साह है। क्षेत्र के साधु-संत एवं क्षेत्रीय जनता ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, सांसद आरके सिंह पटेल, विश्व हिन्दु परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय संरक्षक दिनेश, डीआरआई के सचिव अभय महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। 28 अगस्त को ट्रेन के आगमन पर चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर साधु-संत, पर्यटक तथा तीर्थयात्री एवं आमजनता अभिनन्दन करेगी। ये जानकारी सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने दी है।

## वंचित समुदाय को दे रहे स्वास्थ्य सेवा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हंस फाउंडेशन और सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को नया कदम उठाया है।



बुधवार को रामनगर ब्लाक के इटवां गांव में हंस फाउंडेशन व सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने सचल चिकित्सा इकाई से संयुक्त रूप से निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें एवं नेत्र परीक्षण की सेवा देने को शिविर लगाया है। शिविर का उद्देश्य गरीब एवं वंचित समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें देने का है। शिविर में रोग परीक्षण जांच, निदान और सलाह, दवाओं का वितरण, स्वास्थ्य समर्थन, संदर्भन और जागरूकता का प्रयास वंचित समुदाय के स्वास्थ्य में परिवर्तन लाना है। इस पहल से समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य सुधारेंगे। शिविर में हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक राधा, सीनियर फार्मासिस्ट संजय सिंह यादव, एमएमयू टीम व सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आईएमएमयू के परियोजना समन्वयक चेतन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## पुलिस-आबकारी टीम ने छापेमारी कर नष्ट किया 80 किलो लहन , दस लीटर शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में आबकारी एवं थाना पुलिस संयुक्त टीम ने कनकोटा गांव में छापेमारी की। हरिप्रसाद केवट पुत्र नत्थूलाल केवट के घर से दस लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण तथा 80 किलो लहन समेत गिरफ्तार किया।



बुधवार को पुलिस व आबकारी टीम ने छापेमारी कर महुआ शराब बरामद कर 80 किलो लहन मौके पर नष्ट किया। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा केडी मिश्रा, सिपाही अंकित शुक्ला, विजेंद्र राय, मनोज कुमार व महिला सिपाही नीतू नायक व आबकारी टीम शामिल रही।

## रिसर्च शिप डॉकिंग के लिए चीन के अनुरोध पर विचार कर रहा श्रीलंका, भारत में बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंता

**जोहान्सबर्ग।** श्रीलंका वर्तमान में चीन द्वारा देश में एक अनुसंधान जहाज को डॉक करने की अनुमति देने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले साल एक चीनी जासूसी जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा पर बंदरगाह पर पहुंचा था, उस जहज की यात्रा के एक साल बाद फिर भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताए बढ़ गई हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता प्रियंगा विक्रमसिंघा ने बताया कि इस संबंध में चीनी दूतावास ने एक आवेदन दिया है और मंत्रालय फिलहाल इस पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, यात्रा के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। चीनी अनुसंधान जहाज %शी यान 6' (SHI YAN 6) के अक्टूबर में समुद्री अनुसंधान गतिविधियों के लिए श्रीलंका पहुंचने की उम्मीद है। बताया गया है कि शी यान-6 की वहन क्षमता 1115 डीडब्ल्यूटी है और एक अनुसंधान या सर्वेक्षण पोत है। इसकी कुल लंबाई 90.6 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर बताई गई है। श्रीलंकाई मीडिया में चर्चा है कि भारत द्वारा उठाई जा रही संभावित चिंताओं के कारण यहां का विदेश कार्यालय इस अनुरोध को लेकर अजीब स्थिति में है। उम्मीद है कि यह पोत राष्ट्रीय जलीय संसाधन अनुसंधान और विकास एजेंसी (एनएआरए) के साथ संयुक्त रूप से अनुसंधान करेगा। चीनी नियमित आधार पर अपने जहाज श्रीलंका भेजता रहता है। दो हफ्ते पहले चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी का युद्धपोत हाई यांग-24 एचएओ (HAI YANG wy HAO) दो दिवसीय दौरे पर देश में आया था। बताया गया है कि भारत द्वारा जताई गई चिंताओं के कारण 129 मीटर लंबे जहाज के आगमन में देरी हुई है। पिछले साल अगस्त में चीनी बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज 'युआन वांग-5' इसी तरह की यात्रा के तहत दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा था।

## चांद पर 50 साल बाद फिर नासा भेजेगा इंसान, बना रहा खास टीम

**वाशिंगटन।** भारत के चंद्रयान-3 मिशन को लेकर हर कोई उत्सुक है। इस बीच, 50 साल बाद अमेरिका की अतंरिक्ष एजेंसी नासा एक बार फिर इंसान को चंद्रमा पर भेजने की तैयारी कर रहा है। एलान किया है कि वह एक बार फिर इंसान को चांद पर भेजेगा। इसके लिए उसने एक भूविज्ञान टीम को चुना है, जो सफल मिशन के लिए रणनीति तैयार करेगी। गौरतलब है, पहली बार इंसान ने सन् 1969 में चांद पर पैर रखा था। उस समय नील आर्मस्ट्रांग और उनके साथी गए थे। हालांकि, 1972 के बाद किसी मानव मिशन को चांद पर नहीं भेजा गया।

**यह है खास**

एजेंसी का कहना है कि वैज्ञानिक चांद पर लोगों को बसाने के लिए खोज करना चाहते हैं। इसलिए नासा का आर्टेमिस III मिशन चंद्रमा पर कदम रखने के लिए तैयार होने वाला है। इसके साथ ही नासा ने फैसला लिया कि चांद पर भेजने वाली टीम में महिला भी शामिल होंगी और मिशन को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के करीब भेजा जाएगा।

**सफल बनाने की रणनीति**

नासा की साइंस एसोसिएट प्रशासक डॉ. निकी फॉक्स ने कहा कि विज्ञान आर्टेमिस के स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि 50 साल से अधिक समय बाद एक बार फिर चांद पर इंसानों को भेजने की योजना का भूविज्ञान टीम नेतृत्व करेगी। टीम यह सुनिश्चित करेगी कि मिशन को सफल कैसे बनाया जा सकेगा।

## रूस का आरोप, यूक्रेन ने मॉस्को पर हमले के लिए भेजे ड्रोन; रक्षा बलों ने मार गिराए

**मास्को।** रूस-युक्रेन युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस क्रम में, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने उन तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जिन्होंने मॉस्को में हमला करने की कोशिश की थी। रूस की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार तड़के यूक्रेन ने मॉस्को पर हमला करने की कोशिश की, जिसे विफल कर दिया गया। हमलों में तीन ड्रोन शामिल थे। आगे बताया गया कि दो ड्रोन क्रमशः मोजाहिस्की और खिमकिंस्की जिलों में हवाई सुरक्षा द्वारा नष्ट कर दिए गए, जबकि तीसरा ड्रोन नियंत्रण खो बैठा। बाद में, ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकरा गया। मंत्रालय ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने सोशल मीडिया पर पहले दावा किया था कि वायु रक्षा बलों ने मॉस्को क्षेत्र के मोजाहिस्की जिले में एक ड्रोन को मार गिराया था, जबकि एक अन्य ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि टीमों को मौके पर भेज दिया गया है। इससे पहले सोमवार को भी यूक्रेन के एक ड्रोन ने रूस के बेलगोरोड इलाके में हमले की कोशिश की थी। वहीं, राजधानी मॉस्को पर रविवार भोर में हुए लगातार ड्रोन हमलों ने रूस को हिला दिया था।

## पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीख पर आयोग सभी पार्टियों से करेगा परामर्श

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले आम चुनाव की तारीख के संबंध में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से परामर्श करने का फैसला किया है। इन दलों से अलग-अलग सलाह-मशविरा किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम के साथ-साथ परिसीमन और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। स्थानीय सूचना संचार केंद्रों ने आयोग के हवाले रिपोर्ट्स में कहा है कि यह बैठकें अगले कुछ दिनों में शुरू होने की उम्मीद है। आयोग के अधिकारी पीटीआई, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम), जमात-ए-इस्लामी (जेआई), अवामी नेशनल पार्टी




से परामर्श करेंगे। गौरतलब है कि आयोग पहली बार डिजिटल जनगणना के आलोक में नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित कार्य की समीक्षा कर चुका है। इसके बाद आयोग ने प्रांतीय सरकारों और सांख्यिकी विभाग को आवश्यक संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि नए सिरे से परिसीमन करने के लिए सोमवार को अधिसूचित पांच परिसीमन समितियां 31 अगस्त तक संघीय राजधानी और प्रांतों से जिलों के नक्शे और आवश्यक डेटा प्राप्त करेंगी।

## जमीन घोटाले में चार पूर्व मंत्री आरोपित, दो पूर्व प्रधानमंत्री बने सरकारी गवाह

**काठमांडू।** नेपाल के चर्चित जमीन घोटाला ललिता निवास काण्ड में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट के मुताबिक चार मंत्रियों सहित 290 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इस घोटाले में नीतिगत निर्णय करने वाले दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को सरकारी गवाह बनाया गया है। काठमांडू जिला अदालत में सरकारी वकील के मार्फत आज ललिता निवास काण्ड में चार्जशीट दाखिल किए जाने की जानकारी सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में चार पूर्व मंत्रियों सहित 290 लोग आरोपित बनाए गए हैं। एआईजी बज्राचार्य के मुताबिक पूर्व उपप्रधानमंत्री बिजय कुमार गच्छेदार, पूर्व मंत्री चन्द्रदेव जोशी, डम्बर श्रेष्ठ और संजय साह को मुख्य योजनाकार बनाया गया है। इसके अलावा कुछ बड़े व्यापारियों





को इसमें मुख्य आरोपित बनाने की जानकारी भी दी गई है। इस जमीन घोटाले में दो दिन पहले ही जिन दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के बयान कलमबंद हुए थे, उन्हें सरकारी गवाह बनाया गया है। बज्राचार्य ने कहा कि दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों की इस घोटाले में कोई भूमिका नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी गवाह बनाया गया है। सीआईबी ने इस मामले में संचार मंत्रालय के सचिव कृष्ण बहादुर राउत को भी गिरफ्तार किया था। बाद में सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद राउत को रिहा कर दिया गया था। इस चार्जशीट में उनकी भूमिका को लेकर कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है यानी कि सचिव को क्लीन चिट दे दी गई है।

## नेपाल में नवजात बच्चों को बेचने के आरोप में चिकित्सक, नर्स, समेत छह गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी सीमावर्ती शहर विराटनगर में कोशी अस्पताल के एक चिकित्सक, एक नर्स, अन्य कर्मचारी सहित छह लोगों को नवजात बच्चों के बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अविवाहित जोड़ों से हुए नवजात बच्चों को निन्संतान दंपतियों का बेचने का सिलसिला कई वर्षों से चल रहा था। यह जानकारी विराटनगर पुलिस के अधिकारी रंजन दाहाल ने दी। डीएसपी दाहाल ने बताया कि एक अविवाहित युवती ने इस संबंध में शिकायत दी थी। उसने आरोप लगाया था कि उसके प्रसव को एक माह हो चुका है। उसका नवजात बच्चा उसे नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि जांच शिकायत सही पाई गई। इसके बाद कोशी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. तपेश्वर लाल कर्ण, नर्स निर्मला यादव, सफाई कर्मचारी सुधा



राजवंशी, अविवाहित युवती के प्रेमी गोविन्द राई, बच्चा खरीदने वाली महिला दिलमाया और उसके बेटे सूर्यनारायण को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारी दाहाल ने बताया कि इस शिकायत की जांच की भनक मिलते ही डॉ. कर्ण बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया था। उसे अस्पताल के बेड से ही गिरफ्तार किया गया। इस गिरोह ने अविवाहित युवती के बच्चे का सौदा पांच लाख रुपये में किया था। डॉ. कर्ण ने इसके लिए पचास हजार रुपये एडवांस लिए थे। डिलीवरी के समय दो लाख रुपये मिले। बाकी रकम अभी उसे नहीं मिल पाई थी। दाहाल के मुताबिक आरोपित नर्स और सफाई कर्मचारी ने स्वीकार किया है कि वह सब डॉ.कर्ण के लिए यह काम कई साल से कर रहे थे। गर्भपात कराने आने वाली अविवाहित लड़कियों व अन्य महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनकी डिलीवरी करवाई जाती थी। इसके लिए डॉ. तपेश्वर कर्ण ने अपना एक प्राइवेट क्लीनिक भी खोल रखा था।

## ताइवान के पास पश्चिमी प्रशांत महासागर में चीन की परमाणु पनडुब्बी दुर्घटनाग्रस्त, कई सैन्य अधिकारियों की मौत

**बीजिंग।** ताइवान सीमा पर गश्त कर रही चीन की एक परमाणु पनडुब्बी पश्चिमी प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि पनडुब्बी में सवार किसी भी व्यक्ति के बचने की उम्मीद नहीं है। बताया जा रहा है कि पनडुब्बी में सवार सात प्रशिक्षुओं सहित कई सैन्य अधिकारियों की जान चली गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन की सैन्य टुकड़ी इस समय ताइवान के आसपास गश्त कर रही है। ताइवान के उपराष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा के बाद से चीन ने अमेरिका व ताइवान पर दबाव बनाने के लिए जल व वायु



सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इसी के तहत सात सैन्य प्रशिक्षुओं और कई अधिकारियों के साथ परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बी भी ताइवान सीमा पर मौजूद थी। पश्चिमी प्रशांत महासागर के येलो सी क्षेत्र में यह पनडुब्बी गश्त कर रही थी, तभी दुर्घटना का शिकार हो गयी। बताया गया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पनडुब्बी में सवार किसी भी व्यक्ति के बचने की उम्मीद नहीं है। पनडुब्बी में चीन की सेना के सात प्रशिक्षु भी सवार थे। इन प्रशिक्षुओं सहित कई सैन्य अधिकारियों की मृत्यु का अंदेशा जताया गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना आयोग के संयुक्त ऑपरेशन कमांड सेंटर से पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है।

## श्रेथा थाविसिन थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री नियुक्त, 15 साल बाद देश पहुंचते ही पूर्व प्रधानमंत्री गए जेल

**बैंकाक।** थाईलैंड में राजनीतिक उथलपुथल तेज हो गई है। संसद ने श्रेथा थाविसिन को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा 15 साल बाद देश पहुंचते ही जेल भेज दिए गए हैं। थाईलैंड में संसद ने रियल एस्टेट के दिग्गज श्रेथा थाविसिन को अगले प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संसदीय समर्थन जुटाने में थाविसिन की सफलता के बाद यह फैसला हुआ है। इसके लिए सोमवार को थाविसिन और उनके पूर्व सैन्य प्रतिद्वंद्वियों के बीच समझौता हुआ था। देश में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति के दिन ही पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा 15 साल से अधिक समय तक स्व-निर्वासन के बाद



देश लौट आए हैं। 74 वर्षीय थाकसिन 2001 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने थे और 2006 मं सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। थाकसिन मंगलवार सुबह 9 बजे एक निजी विमान से बैंकॉक के डॉन मुएंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। उन्होंने समर्थकों की भीड़ का अभिवादन किया और थाईलैंड के राजा की फोटो को नमन किया। इससे पहले जारी एक वीडियो में थाकसिन को सिंगापुर में फ्लाइट में चढ़ने से पहले अपनी बहन यिंगलक शिनावात्रा को गले लगाते हुए दिखाया गया है, जो स्व-निर्वासन में रहती हैं। यिंगलक को 2011 में थाईलैंड की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया था, लेकिन संवैधानिक न्यायालय से अपने पद का दुरुपयोग करने के फैसले के बाद 2014 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गथा। पूर्व सेना प्रमुख प्रयुत चान-ओ-चा ने 2014 में सत्ता छीन ली और यिंगलक ने थाकसिन के बाद स्व-निर्वासन कर लिया। प्रयुत ने तब से थाईलैंड पर शासन किया है, उन्होंने जुलाई में घोषणा की थी कि वह दोबारा चुनाव नहीं लड़ेंगे और राजनीति से संन्यास ले लेंगे। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को वतन वापसी के तुरंत बाद हिरासत में लिया गया, क्योंकि थाईलैंड के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आठ साल की सजा सुनाई है। इसमें लॉटरी परियोजना में भ्रष्टाचार के लिए दो साल की सजा, म्यांमार मामले में निर्यात-आयात बैंक ऋण में शामिल होने के लिए तीन साल की सजा और मोबाइल फोन रियायत संशोधन मामले में उनकी भूमिका के लिए तीन साल की सजा शामिल है।

## चांद पर लोगों को बसाने में चंद्रयान-3 की यह होगी भूमिका, नासा के पूर्व अधिकारी ने बताया कैसे

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष जगत में भारत आज इतिहास रचने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मिशन चंद्रयान-3 आज शाम चंद्रमा की सतह पर 'साफ्ट लैंडिंग' करेगा। पूरी दुनिया इस पल का इंतजार कर रही है। इस क्रम में, नासा के एक पूर्व शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चंद्रयान-3 में महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करने की अपार क्षमता है और यह चंद्रमा को समझने में अहम योगदान देगा। बता दें, वह भारत और अमेरिका की अंतरिक्ष साझेदारी के चंद्रमा पर आगे बढ़ने पर बात कर रहे थे।

**ऐसे बसेंगे घर**

रेडवायर स्पेस के मुख्य विकास अधिकारी माइक गोल्ड ने मंगलवार को कहा कि आंकड़े संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके परिणामस्वरूप चंद्रमा पर घर बसाए जाएंगे। बता दें, माइक गोल्ड नासा में अंतरिक्ष नीति और साझेदारी के पूर्व सहयोगी प्रशासक थे। यह नाम अंतरिक्ष से जुड़े वैज्ञानिकों का एक जाना-माना नाम हैं। इतना ही नहीं, यह आर्टेमिस रिकॉर्ड के वास्तुकार भी माने जाते हैं। इसके अलावा, उन्होंने चांद पर पहुंचने के लिए कई योजनाओं और रूपरेखा को तैयार किया है।

## भारत के डिजिटल भुगतान की ब्रिक्स बिजनेस फोरम में धमक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में शुरू पंद्रहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बिजनेस फोरम में भारत के डिजिटल भुगतान की धमक रही। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने भारतीय समयानुसार आज सुबह करीब चार बजे अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल में सम्मेलन की गतिविधियां सचित्र साझा की हैं। उन्होंने बताया है-ब्रिक्स बिजनेस फोरम ने मुझे भारत के विकास पथ और 'व्यवसाय करने में आसानी' और




सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा करने का अवसर दिया। साथ ही फोरम में डिजिटल भुगतान, बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्टार्टअप की दुनिया और अन्य क्षेत्रों में भारत की प्रगति को सराहा गया। इससे पहले ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में भी प्रधानमंत्री मोदी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा भारत जल्द ही पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के लिए भारत विकास का इंजन होगा। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। पंद्रहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पाल शिपोकोसा माशातिले ने की। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के कलाकारों ने प्रधानमंत्री के सम्मान में पारंपरिक नृत्य किया। प्रिटोरिया हिंदू सेवा समाज और बीएपीएस स्वामीनारायण संगठन के कार्यकर्ता और भारतीय समुदाय के लोग भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सभी ने वंदे मातरम के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## नेपाल से 15 दिनों में 700 मिट्रिक टन टमाटर भारत भेजा गया

**काठमांडू।** भारत में टमाटर की कमी को पूरा करने के लिए नेपाल से टमाटर का लगातार निर्यात किया जा रहा है। नेपाल के अलग-अलग नाका से भारत के विभिन्न राज्यों के लिए 15 दिनों में करीब 700 मिट्रिक टन टमाटर निर्यात किया गया है। भारत में टमाटर के मूल्यों में अचानक बढ़ोतरी को देखते हुए नेपाल में टमाटर निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध को हटा दिया गया था। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बयान देते हुए नेपाल से टमाटर आयात किए जाने की जानकारी दी थी। इसी के बाद नेपाल से टमाटर का निर्यात किया जा रहा है। नेपाल के कस्टम विभाग की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले 15 दिनों में नेपाल से 700 मिट्रिक टन टमाटर भारत भेजा गया है। टमाटर की यह खेप बीरगंज, भैरहवा, नेपालगंज और कांकडभिट्टा नाका से भेजे जाने की जानकारी दी गई है। बयान में यह भी कहा गया है कि 700 मिट्रिक टन टमाटर सरकारी प्रक्रिया के जरिये पहुंचाया गया है, जिसका सरकार के पास रिकॉर्ड है। कस्टम अधिकारियों का मानना है कि इससे कई गुणा अधिक टमाटर निजी व्यापारियों के माध्यम से भी गया है। बीरगंज कस्टम से सबसे अधिक टमाटर भेजा गया है। कस्टम अधिकारी रामचन्द्र शर्मा ढकाल ने बताया कि पिछले 15 दिनों में इस नाका से करीब 6 लाख 50 हजार किलो टमाटर भारत भेजा गया है। सरकारी आंकड़ों में इस टमाटर का मूल्य करीब 73 लाख 70 हजार है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## त्तराखंड : स्वदेशी एससीआर कैटलिस्ट यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन में लगाने के लिए भेजा गया

**हरिद्वार।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने थर्मल पावर प्लांटों से एनओयू उत्सर्जन को कम करने के लिए सेलेक्टिव कैटलिस्ट रिएक्टर्स (एससीआर) में लगाए जाने वाले भारत के पहले कैटलिस्ट (उत्प्रेरक) सेट का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। श्रीमती रेणुका गेरा, निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एंड प्रोडक्टस), बीएचईएल ने तेलंगाना में बन रहे 5 गुणा 800 मेगावाट यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित एससीआर उत्प्रेरकों के पहले सेट को कंपनी की बेंगलुरु स्थित सोलर बिजनेस डिवीजन (एसबीडी) इकाई से रवाना किया गया। इस अवसर पर पंकज गुप्ता, कार्यपालक निदेशक, एसबीडी अनिल जोशी, कार्यपालक निदेशक, उद्योग क्षेत्र तथा एसबीडी के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। थर्मल पावर स्टेशनों में एनओएक्स उत्सर्जन को कम करने के लिए बीएचईएल ने अपनी एसबीडी इकाई में एक अत्यधुनिक एससीआर उत्प्रेरक विनिर्माण सुविधा स्थापित की है। एनओयू गैस के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को देखते हुए तथा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अधिसूचना के मद्देनजर, टीएसजेनको ने 5 गुणा 800 मेगावाट यदाद्री टीपीएस के लिए, महाजेनको ने 1गुणा 660 मेगावाट भुसावल टीपीएस के



लिए, डब्ल्यूबीपीडीसीएल ने 1 गुणा 660 मेगावाट सागरदिघी टीपीएस के लिए और नाल्को ने 1 गुणा 18.5 मेगावाट दामनजोड़ी टीपीएस के लिए एससीआर के ऑर्डर दिये हैं। बीएचईएल पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहा है और थर्मल पावर प्लांटों के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों की एक पूरी श्रृंखला पेश करता है। उच्च दक्षता वाले बॉयलरों के अलावा, बीएचईएल इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर्स, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन उपस्करों और सेलेक्टिव कैटलिस्ट रिएक्टरों की आपूर्ति करता है, जिसके लिए कंपनी ने मार्केट लीडर, नैनो, कोरिया गणराज्य से ली गई प्रौद्योगिकी का स्वदेशीकरण किया हैगौरतलब है कि अब तक इन उत्प्रेरकों का आयात किया जा रहा था और इसलिए यह भारत सरकार के मेक इन इंडिया पहल के तहत एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।